# LOK SABHA DEBATES

**(Part I — Proceedings with Questions and Answers)**

***The House met at Eleven of the Clock***

**Wednesday, December 11, 2024 / Agrahayana 20, 1946 (Saka)**

## HON’BLE SPEAKER

**Shri Om Birla**

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

# LOK SABHA DEBATES

## PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

**Wednesday, December 11, 2024 / Agrahayana 20, 1946 (Saka)**

**CONTENTS** **PAGES**


**ORAL ANSWERS TO STARREE QUESTIONS**
**(S.Q. NO. 221 – 227)**

**WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS** **31 – 50**
**(S.Q. NO. 228 – 240)**

**WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS** **51 – 280**
**(U.S.Q. NO. 2531 – 2760)**

**Uncorrected – Not for Publication** **LSS-D-II**

सत्यमेव जयते

# LOK SABHA DEBATES

**(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)**

**Wednesday, December 11, 2024 / Agrahayana 20, 1946 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

***Wednesday, December 11, 2024 / Agrahayana 20, 1946 (Saka)***

**C ON T E N T S** **P A G E S**


| | |
|---|---|
| **RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION** | **281** |
| **ANNOUNCEMENT RE: NOTICES OF QUESTION OF PRIVILEGE** | **281** |
| **PAPERS LAID ON THE TABLE** | **281 - 93** |
| **STATEMENT CORRECTING ANSWER GIVEN TO UNSTARRED QUESTION NO. 272 DATED 24.07.2024 RE: (I) STATUS OF DIGITAL INDIA PROGRAMME AND (II) GIVING REASONS FOR DELAY IN CORRECTING THE ANSWER - LAID** | **293** |
| **Shri Jitin Prasada** | |
| **STATEMENT RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 57TH REPORT OF STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY – LAID** | **293** |
| **Dr. Chandra Sekhar Pemmasani** | |
| **MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE** | **294 – 302** |
| **MATTERS UNDER RULE 377 – LAID** | **303 - 17** |
| **Shri Rudra Narayan Pany** | **303** |
| **Shri Arun Kumar Sagar** | **304** |
| **Dr. Nishikant Dubey** | **305** |
| **Shri Bharatsinhji Shankarji Dabhi** | **305** |
| **Shri Ganesh Singh** | **306** |
| **Shri Vishnu Dayal Ram** | **306** |
| **Shri Anup Sanjay Dhotre** | **307** |

| | |
|---|---|
| Dr. Hemant Vishnu Savara | 307 |
| Shri Tejasvi Surya | 308 |
| Shri Bidyut Baran Mahato | 308 |
| Shri Naba Charan Majhi | 309 |
| Shri Radheshyam Rathiya | 309 |
| Shri V. K. Sreekandan | 310 |
| Shri S. Supongmeren Jamir | 310 |
| Shrimati Geniben Nagaji Thakor | 310 |
| Shri Benny Behanan | 311 |
| Shri Dharmendra Yadav | 311 |
| Shri Rajeev Rai | 312 |
| Shri A. Mani | 313 |
| Shri Arun Nehru | 314 |
| Shri Putta Mahesh Kumar | 314 |
| Shri Kaushalendra Kumar | 315 |
| Dr. Rajkumar Sangwan | 315 |
| Shri E.T. Mohammed Basheer | 316 |
| Shri Hanuman Beniwal | 317 |
| RAILWAYS (AMENDMENT) BILL (Contd. – Concluded) | 318 - 32 |
| Shri Ashwini Vaishnaw | 318 - 28 |
| Motion for Consideration – Adopted | 329 |
| Consideration of Clauses | 329 - 32 |
| Motion to Pass | 332 |

| | |
|---|---|
| DISASTER MANAGEMENT (AMENDMENT) BILL (Inconclusive) | 333 - 63 |
| Motion for Consideration | 333 |
| Shri Nityanand Rai | 333 - 36 |
| Dr. Shashi Tharoor | 337 - 45 |
| Shri Trivendra Singh Rawat | 346 - 49 |
| Shri Kalyan Banerjee | 350 - 62 |
| Shri Ram Shiromani Verma (Speech Unfinished) | 363 |

xxxx

(1100/YSH/SM)

**(Q. 221 )**

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): Sir, the MeitY AI experts say that almost 97 million new AI jobs are projected to be created by 2025 and 85 million jobs are projected to replace the conventional jobs. The *Economic Survey* also says that 78.5 lakh non-farm jobs need to be created in 2030.

However, FutureSkills Prime has only 3.37 lakh candidates having completed their courses while you had a target of 18.56 candidates. At this rate, how does the Government strategise to match the quantum of fulfilling the future need of these jobs?

SHRI ASHWINI VAISHNAW: Hon. Speaker Sir, the hon. Member has raised the question basically about the entire AI landscape which is emerging. I would like to give a little bit of background to this question. Hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi believes in democratising technology.

We have seen how some of the Congress leaders used to treat technology. They used to feel that technology cannot be used by the poor people … (*Interruptions*) But in our case, the hon. Prime Minister has given the technology right into the hands of the poorest of the poor and same is the case with the AI Mission.

A very comprehensive IndiaAI Mission has been started, which has seven pillars, and all these seven pillars are very well thought through. The first pillar is creating AI compute facility, the second pillar is creating a skill framework; the third pillar is to create start-up financing; the fourth pillar is creating an innovation centre; the fifth pillar is about data sets platform; the sixth pillar is about creating new applications and the last pillar is about having a safe and trusted AI.

The hon. MP has raised the question as to how many people have got enrolled in the FutureSkills Prime. As on today 8.6 lakh candidates have enrolled in FutureSkills Prime platform, and this is again a platform which has been created in collaboration with the industry. So, the training which is given is very relevant to what the industry today needs.

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): I think you are missing the question. प्रश्न यही है कि आप साढ़े आठ करोड़ की बात कर रहे हैं, लेकिन आप साल के सिर्फ तीन लाख लोगों को ही ट्रेंड कर पाए हैं। It is not sufficient. Therefore, what is your plan? That is the question.

Sir, thank you for running the House today because yesterday also you were trying to run the Question Hour and clearly the BJP was disrupting it. लेकिन आप जो 27 डेटा लैब्स बना रहे है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज, आप क्वेश्चन पूछिए।

**श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील (सांगली) :** सर, मैं 27 डेटा लैब्स का प्रश्न पूछ रहा हूँ कि आप जो डेटा लैब्स बना रहे हैं तो इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र सांगली जैसे छोटे शहरों में भी you will bring in these Data Labs and they may be beneficial. आज किसानों को भी एआई की जरूरत है। उनको स्किलिंग करने की जरूरत है, चाहे वह खेती के लिए हो या बाजार के लिए हो। क्या उनकी स्किलिंग करने का आपका कोई प्रयोजन है और अगर है तो वह कब से है?

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बार फिर से दोहराना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमेशा टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज करने का मिशन हाथ में लिया है। इसीलिए ये जो एआई डेटा लैब्स बन रही हैं, वे टीयर-2 और टीयर-3 सीटीज़ में बन रही हैं। अगर आप देखें तो इनमें उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, लखनऊ, शिमला उसके बाद महाराष्ट्र में औरंगाबाद, बिहार में पटना, बक्सर, मुजफ्फरपुर सिटीज़ हैं। एक तरह से पूरी लिस्ट आपके आन्सर में आपको दी गई है और सदन के पटल पर भी रखी गई है। हमारी कोशिश यह है कि देश के टीयर-2 और टीयर-3 सीटीज़ में स्टार्टअप्स हों, एआई लैब्स हों, 5G लैब्स हों, सेमीकंडक्टर की ट्रेनिंग की फैसिलिटीज़ हों तो यह सब एक कॉन्सेंट्रेटेड वे में न होकर, देश भर में फैले।

(1105/RP/RAJ)

ADV. ADOOR PRAKASH (ATTINGAL): Sir, India has been ranked among the top four countries along with US, China, and UK in the AI ranking with the global share of 24 per cent. Sir, as per another ranking mentioned in the answer, we are at the top with the global share of 24 per cent of all projects. It shows India has a huge potential to explore the essentials of AI. Various sectors in our country are witnessing fast adoption of technologies based on artificial intelligence. Artificial intelligence has the potential to address many critical challenges but, at the same time, it raises some serious concerns, including data privacy, ethical usage, etc.

Sir, there is no legal framework to govern the usage of artificial intelligence. So, I would like to know whether the Government is planning to bring any legislation for regulating the usage of AI in the country.

SHRI ASHWINI VAISHNAW: Hon. Speaker Sir, yes, it is a major challenge that societies across the world are facing because the way the accountability of social media is established in case of using fake news, in case of developing fake narratives, all those accountabilities have to be really established in the society, and the legal framework has to change. But, a lot of consensuses is required to be created around this because these are issues where the freedom of speech comes on the one hand and the accountability and having a proper real news network getting created comes on the other hand. So, these are things which, basically, need to be debated. If the House agrees, and if there is a consensus in the entire society, we can come up with a new law. We are open to that idea.

On the point of privacy, I would like to share with you, hon. Speaker Sir, that we have created eight projects for developing tools, and technologies within our country so that the emerging landscape of AI can be dealt with the tools and technologies that are available and developed within the country. The list of the projects is given in the answer and it is laid on the Table of the House. So, I do not want to repeat that.

SHRI ANUP SANJAY DHOTRE (AKOLA): Sir, I would like to ask about the initiative that the Government has undertaken to promote a responsible AI development in key sectors like health, finance, education. How do we monitor or evaluate its effectiveness?

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय स्पीकर सर, यह बात सही है कि एआई का सबसे अधिक उपयोग होने वाला है। इसका ऐसे सेक्टर्स में उपयोग होने वाला है, जिससे कि जन-जन के जीवन पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ सके – एग्रीकल्चर, एजुकेशन, हेल्थकेयर सेक्टर, लॉजिस्टिक्स सेक्टर, फाइनैंशियल सेक्टर, इन सभी में एआई की ऐप्लिकेशंस जो देश के काम में आएं, देश की जरूरत के अनुसार हों उनको डेवलप करने के लिए एआई मिशन के सात पिलर्स में से एक बड़ा पिलर ऐप्लिकेशन डेवलपमेंट है। रिस्पांसिबल यूज ऑफ एआई के लिए आठ प्रोजेक्ट्स बनाए गए हैं, जिनमें आईआईटी जोधपुर, आईआईटी रुड़की, एनआईटी रायपुर, पुणे, आईआईटी दिल्ली, आईआईआईटी दिल्ली, इस तरह के बड़े इंस्टिट्यूशंस के साथ मिल कर

आठ ऐसे प्रोजेक्ट्स बनाए गए हैं, जिन प्रोजेक्ट्स से टूल्स डेवलप हों, जो रिस्पाँसिबल एआई के लिए काम आएं।

माननीय अध्यक्ष जी, एआई में बहुत सारे एथिकल इश्यूज भी हैं उन एथिकल इश्यूज को भी एड्रेस करना जरूरी है। यह एक इमर्जिंग टेक्नोलॉजी है, इसलिए दुनिया भर में इस पर डिबेट भी हो रही है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से इस महान सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि एआई के बारे में जो ग्लोबल विचार करने वाले देश हैं, भारत उनमें one of the leading countries है और ग्लोबल पार्टनर्शिप ऑन एआई (जीपीएआई) का चेयर भी लास्ट इयर भारत ने किया था एवं सब्मिट भारत में हुआ। आज भी ओईसीडी एवं अन्य सभी देशों के साथ, यूएन के साथ जितने भी डिसकशंस होते हैं, उसमें भारत की बात को सबसे ज्यादा महत्व दी जाती है।

(1110/KN/NKL)

**श्री प्रसून बनर्जी (हावड़ा) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे प्रश्न पूछने के लिए समय दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं एक बात बहुत दिनों से बोल रहा हूं। मैं सात साल से बोल रहा हूं। मैं बंगाल से एमपी हूं और आप सब लोग यहां बैठे हुए हैं। मेरी एक ही बात है कि हमारे यहां रेल फाटक पर बहुत बुरा हाल है। यदि वहां रेल रुक जाती है तो एक घंटे, दो घंटे या चार घंटे तक के लिए रुक जाती है। मैं वहां बोलता हूं कि मिनिस्टर साहब हैं और वे अच्छे हैं। मैंने उनको बोला है कि हम वहां अंडरपास चाहते हैं।… (व्यवधान)

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** यह प्रश्न रेलवे का नहीं है। यह प्रश्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रश्न है।

क्वेश्चन नंबर 222 – डॉ. कडियम काव्य।

**(Q.222)**

DR. KADIYAM KAVYA (WARANGAL): Sir, it is about the integrated coach factory. Over the decades, there has been a demand and agitation for the establishment of an integrated coach factory at Kazipet. This was also assured in the AP Reorganisation Act, 2014. However, a letter from the Ministry now mentions the plans to develop a railway manufacturing unit at Kazipet. Hence, I request the hon. Railway Minister to give a clarity on whether an integrated coach factory will be established at Kazipet or not.

The second question is regarding re-alignment of railway bypass lines. The Government of India has proposed two railway bypass lines on either side of the Warangal city in Telangana. The two bypass lines – one from Nashkal to Hasanparthy and another from Nashkal to Chintalpalli – are dividing the Warangal city in a triangular manner, passing through valuable agricultural lands and residential zones, jeopardising the city's planned expansion, and affecting the overall growth of the city. It also affects the Mamnoor Airport area where the Government of India has recently given approval for the operation of domestic flights. Will the hon. Minister of Railways be pleased to inform the action taken to re-examine the proposals of bypass lines which are trisecting the Warangal city and hampering the overall development of the city?

Sir, the next question is regarding formation of a new railway division at Kazipet. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको दूसरी सप्लीमेंट्री दे देंगे।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** ऑनरेबल स्पीकर सर … (व्यवधान)

HON. SPEAKER: Only one supplementary question is allowed now.

**श्री अश्विनी वैष्णव :** सर, क्वेश्चन वैसे तो स्टेशन से रिलेटिड है। माननीय सांसद जी ने जो सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछा है, काजीपेट में जो रेलवे मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बन रही है, उससे संबंधित है और दो बायपास लाइंस का है। I would still like to address it. काजीपेट में जो रेलवे मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बन रही है, वह एपी रीऑर्गेनाइजेशन एक्ट के तहत् भारत सरकार ने जो प्रॉमिस किया था, उसके तहत बन रहा है। आज रेलवे में एक फ्लेक्सिबल मैन्यूफैक्चरिंग का कॉन्सेप्ट लाने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि केवल कोच बनाए या केवल इंजन बनाए, वह एक पुरानी पद्धति थी। आज जिस तरह से टेक्नोलॉजी और खासकर मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी जैसे इवॉल्व हो रही है, उसमें एक फ्लेक्सिबल मैन्यूफैक्चरिंग का कॉन्सेप्ट लाया गया है, इसलिए काजीपेट को रेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के हिसाब से डेवलप किया जा रहा है। काजीपेट की इस यूनिट में काम बहुत अच्छा चल रहा है। आरवीएनएल उसके कंस्ट्रक्शन का कान्ट्रैक्टर है। काम काफी अच्छी तेजी से चल रहा है। साथ

ही साथ, माननीय सांसद जी ने जो दोनों बायपास लाइन्स के बारे में कहा है, जितने बड़े शहर हैं, उसमें रेलवे का एक मास्टर प्लान बनकर आने वाले 20, 25, 50 वर्षों के लिए कैसे मूवमेंट होना चाहिए, किस तरह से ट्रैफिक का फ्लो होना चाहिए, उस विचार के साथ देश में जितने भी बड़े शहर हैं, उन सब के लिए एक मास्टर प्लान तैयार हो रहा है। बायपास लाइन उसी के कॉन्टेक्स्ट में है। फिर भी माननीय सांसद जी का अगर उसमें कोई पॉइंट है, जो ध्यान में लाना चाहती हैं, खासकर किसानों की जमीन के बारे में कह रही थीं, तो वह जरूर आएं और उनकी डिटेल्स शेयर करें। उसको एड्रेस करेंगे।

(1115/VR/VB)

DR. KADIYAM KAVYA (WARANGAL): Sir, my question is with regard to the formation of a new railway division at Kazipet. The Government of India has decided to form a new railway zone with Visakhapatnam as headquarters and forming Raigad as a division. With the new zone coming up, there is every justification for forming another division on the Central Railways because Vijayawada, Guntur and Guntakal divisions are now on the South Central Railways which will be merged in the new Visakhapatnam Zone leaving only Secunderabad, Hyderabad and Nanded divisions for the South Central Railways.

Sir, I would like to know the steps taken for formation of the new division at Kazipet as its headquarters, which is contributing majorly for the earnings of the Railways.

The second question is with regard to increasing the number of platforms at Kazipet railway station. Presently, there are only three platforms existing at the Kazipet railway station. Around 60 passenger trains and 15 to 20 goods trains are passing through the station daily. This is located on the Secunderabad-Balharshah, Balharshah-Vijayawada and Secunderabad-Vijayawada routes. Three directional trains are passing through this Kazipet railway station. Due to lack of sufficient platforms, the passenger trains are being stopped at outer stations, which is resulting in inconvenience to the passengers and causing delay in the train timings.

SHRI ASHWINI VAISHNAW: Hon. Speaker, Sir, the hon. Member has raised the issue of development of Kazipet railway station. I would like to inform the hon. Member and I am sure she also knows about it that the Kazipet railway station is totally reconstructed and being developed as part of the Amrit Bharat Station Scheme. In fact, in Telangana, 40 stations are being developed as Amrit

Bharat stations, and a very large amount of investment is being done in these stations. Kazipet is one of those stations.

Regarding the new division at Kazipet, I would like to mention that the fund allocation has increased for this project. Earlier the demand used to come primarily because of the lack of funds in a particular area. But that has now changed. Today, Telangana is getting a record allocation. This year, it has got Rs.5,336 crore. If we compare it with the allocation during the UPA period for Andhra and Telangana, the combined allocation used to be Rs.886 crore. The allocations today are record allocations. So, creating a division just for the sake of asking more funds is not required.

DR. T. SUMATHY *ALIAS* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH): Thank you very much, hon. Speaker, Sir.

My question to the hon. Minister is regarding the Amrit Bharat Station Scheme. The Ministry has announced 1324 stations, which have been identified for the redevelopment, including 77 stations in the State of Tamil Nadu. So, what has been the update with respect to these railway stations in our State? I have given a representation with regard to Saidapet railway station in my constituency as well as the redevelopment works of Chennai Egmore. Thank you very much.

SHRI ASHWINI VAISHNAW: Hon. Speaker Sir, this supplementary is actually not related to the main question. But still I would like to point out that the hon. Prime Minister has really focused on transformation of tge Indian railways. And, part of that, one of the major programmes that we have taken up is redevelopment of about 1300 railway stations. At this point of time, this is the world's largest railway stations redevelopment programme. Nowhere in the world has anybody taken up the redevelopment of such a large number of stations in a network which is continuously operating.

I would like to pronounce Chennai Egmore as Chennai Elumbur. So, Chennai Elumbur station is one of the Amrit Bharat stations. It is being developed very well. I have visited that twice. The design and the enthusiasm of the officers working on that project is really amazing. I can say that that will be one of the stations which will become a prime attraction in the city of Chennai.

Regarding other stations, the hon. Member of Parliament can always meet me and discuss it in detail. (ends)

(1120/PC/SAN)

**(प्रश्न 223)**

**श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि मेरे खगड़िया लोक सभा में एक अलौली रेलवे स्टेशन है, जहां सिर्फ मालगाड़ी ट्रेनों का ही परिचालन किया जा रहा है। वहां अभी तक पैसेंजर ट्रेनों की शुरुआत नहीं की गई है। मैं जानना चाहूंगा कि वहां पैसेंजर ट्रेन कब से शुरू होगी?

इसके साथ ही साथ खगड़िया लोक सभा क्षेत्र में 'खगड़िया-कुशेश्वर रेल परियोजना' का काम बहुत लंबे समय से अधूरा पड़ा है। वहां रेल पटरी बिछाने का कार्य कब तक पूरा होगा?

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार में ट्रैडिशनली रेलवे एक बहुत इम्पॉर्टेंट रोल प्ले करता है। एक लंबे समय तक बिहार में रेलवे का डेवलपमेंट बहुत अच्छा रहा। जिस पर्टिकुलर रेल लाइन के बारे में मान्यवर सांसद जी ने कहा है कि उस पर केवल मालगाड़ी चलती है, पैसेंजर गाड़ी नहीं चलती है, उसके बारे में मैं जानकारी लेकर मान्यवर सांसद जी को जरूर बता दूंगा।

मान्यवर अध्यक्ष जी, बिहार के प्रोजेक्ट्स की प्रोग्रेस बहुत अच्छी है। मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगा कि बिहार के लिए भारत सरकार ने, प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने करीब नौ गुना एलोकेशन बढ़ाया है। वर्ष 2009 से वर्ष 2014 वाले पीरियड में मात्र 1,132 करोड़ रुपए का एलोकेशन होता था, वर्ष 2024-25 में बिहार के लिए दस हजार करोड़ रुपए का एलोकेशन है।

मान्यवर अध्यक्ष जी, बिहार में नए ट्रैक्स बिछाने का जो काम है, उसमें भी बहुत अच्छी तेजी आई है। यूपीए सरकार के समय करीब 60 किलोमीटर का काम प्रतिवर्ष होता था, अभी 167 किलोमीटर पर-इयर का काम हो रहा है। बहुत अच्छी तरह से और तेजी से रेलवे का डेवलपमेंट हो, ओवरऑल स्टेशन्स का डेवलपमेंट हो, नई लाइंस बनें, इलेक्ट्रिफिकेशन कंप्लीट हो, इन सब पर तेजी से काम चल रहा है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, क्या आप सप्लिमेंट्री पूछेंगे?

… (व्यवधान)

**श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मैंने खगड़िया लोक सभा के महेशखूंट-गोगरी पथ पर एक आरओबी के निर्माण के लिए पहले भी कहा है। मैं जानना चाहूंगा कि इस आरओबी का निर्माण कब तक पूरा होगा, क्योंकि घंटों वहां पर यात्रियों को इंतज़ार करना पड़ता है? अत: मैं माननीय मंत्री जी से इसके बारे में जानना चाहूंगा।

मैं माननीय मंत्री जी से इसलिए ज्यादा उम्मीद करता हूं, क्योंकि मैं पहली बार जीतकर आया हूं। बिहार में सबसे पिछड़ा लोक सभा क्षेत्र मेरा है। इसलिए, मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी का ध्यान विशेष रूप से मेरे लोक सभा क्षेत्र की ओर हो। माननीय मंत्री जी ने मेरे खगड़िया लोक सभा क्षेत्र में पहली राजधानी ट्रेन देकर मेरे उत्साह को बढ़ाने का काम किया है। जिस तरीके से

खगड़िया लोक सभा क्षेत्र की जनता ने आपकी तरफ निगाह बनाकर रखी हुई है, उसी प्रकार आप भी अपनी सकारात्मक निगाह वहां पर रखें। धन्यवाद।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** मान्यवर अध्यक्ष जी, मान्यवर सांसद महोदय ने आरओबी की बात की है। उस पर बहुत तेजी से काम चल रहा है तथा उसको और एक्सपिडाइट भी किया जाएगा।

मान्यवर अध्यक्ष जी, इसके साथ ही साथ मैं आपके माध्यम से सदन के सामने यह भी रखना चाहूंगा कि आरओबी/आरयूबी बनाने के काम में, फ्लाईओवर-अंडरपास के काम में बहुत अच्छी तेजी आई है। जहां दस वर्षों में मात्र 4,000 आरओबी/आरयूबी बने थे, पिछले दस वर्षों में प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे नेटवर्क में करीब 12,000 आरओबी/आरयूबी बने हैं। कहां 4,000 थे, कहां 12,000 हो गए हैं। इतना बड़ा परिवर्तन आया है। वर्ष 2023-24 तो एक रिकॉर्ड वर्ष रहा है। एक साल में 1,000 से ज्यादा आरओबी और आरयूबी बने, जो कि अपने आप में एक बहुत ही सैटिस्फाइंग काम हुआ है। आपके इस पर्टिकुलर आरओबी के लिए भी पूरा ध्यान देकर उसको एक्सपिडाइट किया जाएगा।

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे जी।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री पप्पू यादव जी।

… (व्यवधान)

(1125/IND/SNT)

**श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) :** माननीय मंत्री जी, आप दो-तीन बातें समझिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आप मंत्री जी को मत समझाएं, आप प्रश्न पूछें।

**श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) :** माननीय मंत्री जी, कोरोना के समय आपने बिहार में जो भी पैसेंजर ट्रेनें बंद की थीं, उनमें से एक भी पैसेंजर ट्रेन आज तक नहीं चली है। आप कनेक्टिविटी की बात भी कहते हैं। बिहार का आधार पर्यटन का है। मैंने आपसे कई बार हाथ जोड़कर आग्रह किया है, प्रधान मंत्री जी अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन बिहार के प्रति आप जितनी बात कहते हैं, वह पूरी नहीं होती है। कोसी में शिवहर और सीतामढ़ी, इसके अलावा बोधगया, राजगीर, वैशाली आदि जगहों को आप पर्यटन की दृष्टि से नहीं जोड़ पाए। कुरसेला से बिहारीगंज, बिहारीगंज से भीम नगर नहीं जोड़ पाए। इसके लिए मैं आपसे 190 करोड़ रुपये की मांग कर रहा हूं।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, आप जवाब दें।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** अध्यक्ष जी, वैसे तो माननीय सदस्य ने कोई प्रश्न नहीं पूछा है और केवल अपना विचार रखा है। हम इनके विचार का सम्मान करते हैं।… (व्यवधान) महोदय, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जितना काम बिहार में इन दस वर्षों में हुआ है, वह ऐतिहासिक है। एलोकेशन ऐतिहासिक है, काम ऐतिहासिक है। याद कीजिए कोसी का ब्रिज कितने वर्षों से पेंडिंग था। उस ब्रिज का काम प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने कम्प्लीट किया। अध्यक्ष जी, यदि एक-एक करके प्रोजेक्ट गिनाने लगें तो आप देखेंगे कि बिहार में ऐतिहासिक काम हुआ है। यह काम की गति

और भी आगे बढ़ेगी। मैं माननीय सांसद महोदय से निवेदन करूंगा कि वे इसे कोऑपरेट करें। माननीय सदस्य रेलवे के बहुत पुराने और अच्छे जानकार हैं। आपके यहां रेलवे की बहुत अच्छी फैक्टरी भी बनी है। आप रेलवे के संबंध में और अच्छे सुझाव दें। उन सुझावों को लेकर साथ मिलकर काम करेंगे और बिहार को मजूबत, सशक्त और समृद्ध प्रदेश बनाने का काम करेंगे।

**श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) :** अध्यक्ष जी, मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन और इंदौर-जबलपुर रेल लाइन के लिए हम अपेक्षा रख रहे हैं कि छिंदवाड़ा से लेकर सागर तक सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इस नई रेल लाइन से हमारी 15 से 20 लाख जनसंख्या को लाभ मिलेगा और नागपुर से सीधा जुड़ाव हो जाएगा। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस नई रेल लाइन को देने से छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, करेली, तेंदूखेड़ा और सागर तक मध्य प्रदेश को नई गति मिलेगी।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** अध्यक्ष जी, मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और काम भी बहुत तेजी से चल रहा है। मध्य प्रदेश के लिए एलोकेशन भी बहुत बड़ी संख्या में हुआ है। मैं आपके सामने तथ्य रखना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश में दस साल पहले साल का मात्र छह सौ करोड़ रुपये का एलोकेशन होता था लेकिन आज रिकार्ड संख्या में 14538 करोड़ रुपये का एलोकेशन है और कई नए प्रोजेक्ट्स सैंक्शन हुए हैं। काम की गति बहुत बड़ी है और राज्य सरकार की तरफ से सहयोग भी बहुत अच्छा मिल रहा है। जिस पर्टिकुलर प्रोजेक्ट सागर-छिंदवाड़ा के बारे में माननीय सदस्य ने चर्चा की है, वे दो दिन पहले आए थे। डिटेल में उनके साथ चर्चा हुई। बीच में एक पहाड़ी क्षेत्र आता है और उस क्षेत्र के कारण प्रोजेक्ट की लागत बहुत ज्यादा हो रही थी। माननीय सदस्य के साथ मध्य प्रदेश के करीब आठ सांसद भी आए थे। उस पहाड़ी क्षेत्र को बायपास करके यदि दूसरा एलाइनमेंट बने, इसके लिए मैं माननीय सांसद जी को एश्योर करना चाहूंगा कि नया डीपीआर बनाने का काम जल्दी सैंक्शन कर देंगे, जिससे कि पहाड़ी क्षेत्र को बायपास करके दूसरा एलाइनमेंट बन सके। यदि यह फिजिबल होता है तो उसे एग्जामिन करने के लिए नया डीपीआर सैंक्शन कर सकते हैं।

**श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) :** अध्यक्ष जी, जैसे पप्पू जी ने भी चर्चा की कि कोरोना काल के समय कई ट्रेंने बंद की गईं। इसी तरह का शिकार हमारा क्षेत्र आजमगढ़ भी हुआ। आजमगढ़ के ज्यादातर लोग व्यापारिक कारण से, पढ़ाई के कारण से ज्यादा कनेक्शन मुम्बई के साथ है। आजमगढ़ से मुम्बई के लिए ट्रेन चलती थी। कोरोना काल के समय वह ट्रेन बंद कर दी गई और आज तक वह ट्रेन बंद है।

अध्यक्ष जी, कोरोना काल आया जरूर था और संक्रमण का वह दौर गुजर गया लेकिन उस संक्रमण के दौर के गुजरने के बाद जब स्थिति सामान्य हो गई है, आपकी अर्थव्यवस्था बढ़ गई है, सब सामान्य हो गया है तो आखिर जनसामान्य की सुविधाएं क्यों दोबारा शुरू क्यों नहीं की जा रही हैं? मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वे इस बात का जवाब दें कि आजमगढ़ से मुम्बई के लिए ट्रेन कब तक शुरू करेंगे?

(1130/RV/AK)

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, वैसे तो यह सप्लीमेंट्री प्रश्न मुख्य प्रश्न से संबंधित नहीं है, लेकिन फिर भी मैं यह बताना चाहूंगा कि कोरोना का इससे कोई संबंध नहीं है। ट्रैक्स की मेनटेनेंस बहुत ढंग से हो, सुचारू रूप से हो, वैज्ञानिक तरीके से हो, इसके लिए ट्रैक्स को कम से कम तीन-चार घंटे तक फ्री रखना पड़ता है। दुनिया के कई देशों में ट्रैक्स को मेनटेनेंस के लिए 6 घंटे तक फ्री रखा जाता है। लेकिन, अपने यहां चूंकि रेलवे को 50-60 वर्षों तक नेग्लेक्ट किया गया था, इसमें इंवेस्ट नहीं किया गया, पर अब इंवेस्टमेंट आया है, अब नए ट्रैक्स बन रहे हैं। एक नयी पद्धति से काम करने का प्रयास चल रहा है।… (व्यवधान) इसमें आई.आई.टी., बॉम्बे के साथ मिलकर पूरे टाइम टेबल को रेश्नलाइज्ड करके ऐसी व्यवस्था की गयी थी, जिसमें हर सेक्शन को रेगुलर्ली मेनटेन करने के लिए एक पीरियड ऐसा मिले, जिसमें उसके ट्रैक्स के मेनटेनेंस के लिए समय मिल सके। इसके कारण कई स्टॉपेजेज हटाने पड़े थे और कुछ गाड़ियां भी री-शिड्यूल्ड करनी पड़ी थीं, लेकिन मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जैसे-जैसे नए ट्रैक्स बन रहे हैं, पिछले साल 5,300 किलोमीटर के नए ट्रैक्स बनाए गए, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है।… (व्यवधान) पूरे स्विट्ज़रलैंड का रेल नेटवर्क 5,000 किलोमीटर है। उससे ज्यादा रेल नेटवर्क भारत में एक साल में बढ़ा है।… (व्यवधान) जैसे-जैसे नए रेल ट्रैक्स बन रहे हैं, नयी ट्रेन्स भी चालू की जा रही हैं, नए तरह की ट्रेन्स भी चालू की जा रही हैं।… (व्यवधान) वन्दे भारत एक्सप्रेस चालू की गयी, अमृत भारत ट्रेन चालू की गयी।… (व्यवधान) इस साल मेमू के 600 कोचेज़ बने।… (व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) :** आप आज़मगढ़ के बारे में जवाब दीजिए। मेनटेनेंस का काम केवल आज़मगढ़ के लिए नहीं हो रहा। … (व्यवधान)

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, ओवरऑल, इन दस वर्षों में रेलवे का कम्प्लीट ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है और आने वाले पाँच वर्षों में और भी कई नई सुविधाएं बनाने के लिए मोदी जी की सरकार बहुत ही मेहनत करके तेज काम कर रही है।… (व्यवधान)

SUSHRI MAHUA MOITRA (KRISHNANAGAR): Thank you, Sir. … (*Interruptions*) Through you, I would like to ask the hon. Railway Minister a supplementary question on rail connectivity. … (*Interruptions*)

Sir, my Constituency has one complete side of about 140 kms. from Krishnanagar to Karimpur where about 12 lakh people are without rail connectivity. … (*Interruptions*) I have met the hon. Minister about two-and-a-half years ago and he had very kindly agreed to a feasibility survey. This feasibility survey was supposed to be ready by December, 2023 and then action was to be taken. However, no report was given. Can you please let us know about the status of connectivity on the Krishnanagar-Karimpur line? Thank you, Sir.

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, इस स्पेसिफिक प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी लेकर उसे मैं माननीय सांसद जी को पहुंचा दूंगा।

**श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती) :** सर, महाराष्ट्र में रेल मंत्रालय का काम सचमुच अच्छा हो रहा है और उनकी टीम को मैं बधाई दूंगी। इनकी मैं हमेशा प्रशंसा इसलिए करती हूं, क्योंकि सफाई के मामले में रेलवे ने बहुत अच्छा काम किया है। लेकिन, महाराष्ट्र में मिराज, जेजुरी, बारामती और दौंड रेलवे स्टेशंस हैं, जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र में हैं, इन पर ट्रेनों की स्टॉपेजेज़ कम हो चुकी हैं। मैं आपको दौंड रेलवे स्टेशन का उदाहरण दूं। वहां पहले 80 ट्रेन्स रुकती थीं, पर आज वहां मात्र 40 ट्रेन्स रुकती हैं। वह एक बहुत बड़ा जंक्शन है। Part (e) of the Question states that : "… socio-economic benefits anticipated for these States".

सर, दौंड, जो एक बड़ा जंक्शन था, बारामती, जो आज इतना ग्रो हो रहा है, अगर आप इन जगहों पर ट्रेनों के स्टॉपेजेज़ को कम करेंगे तो यहां इकोनॉमिक बेनिफिट्स कैसे होंगे? एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए स्टॉपेजेज़ कर रहे हैं, ऐसा जवाब मंत्री जी ने बहुत बार दिया है, लेकिन उनसे मेरी विनती है कि वे स्टॉपेजेज़ को कम न करें, बल्कि दूसरे कुछ उपाय करें, जिससे एफिशिएंसी बढ़े।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सांसद महोदया को धन्यवाद देना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे का जो काम हो रहा है, आपने उसकी तारीफ की। इसको आपने सराहा, इसके लिए आपको धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं यह कहना चाहूंगा कि पुणे-दौंड एरिया इतना महत्वपूर्ण एरिया है कि उसके लिए टोटल एक अलग मास्टर प्लान बनाकर एक बहुत ही अच्छा प्रोग्राम बना है। पुणे की कपैसिटी को दोगुना करने के लिए उरुली में एक मेगा टर्मिनल बनाया जा रहा है। पुणे जंक्शन को टोटली री-मॉडेल्ड करके री-डेवलप किया जा रहा है। शिवाजी नगर स्टेशन को टर्मिनल बनाने का प्रयास है। फिर पुणे से लोनावाला के लिए तीसरी और चौथी रेल लाइन बनाने का काम है। फिर अहमदनगर से पुणे के बीच नई रेल लाइन बनाने का काम है।

(1135/GG/UB)

ओवरऑल उस एरिया के लिए बहुत सारा डेवल्पमेंट करने के काम हाथ में लिए गए हैं और प्रोग्रेस भी बहुत अच्छी है। माननीय अध्यक्ष जी, महाराष्ट्र में अभी करीब-करीब एक लाख 64 हज़ार करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट रेलवे का विभिन्न प्रोजेक्ट्स में हो रहा है और इससे महाराष्ट्र के रेलवे नेटवर्क का टोटल ट्रांस्फॉर्मेशन होगा। जैसे पूरे देश में रेलवे नेटवर्क का ट्रांस्फॉर्मेशन हो रहा है, वैसा ही आपके क्षेत्र में भी होगा। साथ ही, मैं स्टॉपेजिस के बारे में फिर एक बार बताना चाहूंगा कि जैसे-जैसे रेलवे नेटवर्क बढ़े, वैसे-वैसे मेंटेनेंस के लिए स्कोप बनता है, मेंटेनेंस के लिए एक मार्जिन मिलता है, टाइम मिलता है, तो उसके हिसाब से भविष्य में जैसे नेटवर्क बढ़ेगा, वैसे स्टॉपेजिस पर रीकंसीड्रेशन किया जा सकता है। अभी हमको इस नेटवर्क को सेफ रख कर अच्छे तरीके से चलाने का मेजर फोकस रख कर आगे चलना चाहिए।

अध्यक्ष जी, जिस तरह से काम अभी चल रहा है, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि इस थर्ड टर्म में तीन गुना मेहनत करनी है तो इस तीन गुना मेहनत से जो परिणाम आएंगे, इन पांच वर्षों से रेलवे एकदम ट्रांस्फॉर्म हो कर निकलेगा।

**डॉ. संबित पात्रा (पुरी) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं कहना चाहूंगा कि रेल केवल एक कनेक्टिविटी का सूत्र ही नहीं है, यह एक इमोशन का भी सूत्र है। चूंकि मैं जगन्नाथ पुरी से आता हूँ, मुझे लगता है कि सभी लोग, जो प्रस्ताव मैं रखने वाला हूँ, माननीय मंत्री जी भी ओडिशा से आते हैं और हमेशा से हमें आशीर्वाद देते रहते हैं, उस प्रस्ताव को सभी स्वीकार करेंगे। कोई भी ट्रेन से ओडिशा जाता है तो उसकी इच्छा होती है कि महाप्रभु जगन्नाथ जी का दर्शन करें, लेकिन कर नहीं पाते हैं तो यह इच्छा होती है कि कम से कम प्रसाद ले कर वापस जाएं। आज मैं रेल मंत्रालय को प्रस्ताव देना चाहूंगा कि हमारे जो मंदिर के प्रशासक हैं, जिसको मंदिर कमिटी कहते हैं, पुरी के गजपति महाराज हैं, जगन्नाथ मंदिर का हमारा जो सेवायत है और जो मुक्ति मंडप है, जहां पंचांग बनता है, उनके साथ एक बार चर्चा कर इस विषय पर प्रयास करें कि क्या यह संभव है कि ओडिशा के मुख्य रेलवे स्टेशन जैसे भुवनेश्वर, कटक, पुरी, बोलेश्वर इत्यादि में क्योस्क नहीं, टेंपल सेंटर बना कर, वहां पर सेवायतों के माध्यम से सूखा प्रसाद वितरित करने की व्यवस्था करते हैं, तो जो भी यात्रीगण वहां से जाते हैं, वे महाप्रभु के प्रसाद को प्राप्त करेंगे और कहीं न कहीं उनकी भावनाओं को सम्मान मिलेगा। मैं यह विषय माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं।

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सांसद, संबित भाई ने बहुत ही अच्छा प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव को डीटेल में एग्ज़ामिन करना चाहिए। क्योंकि मंदिर के प्रसाद के साथ बहुत सारी भावनाएं जुड़ी रहती हैं तो उसके प्रसाद को किस तरह से रखा जाए, किस तरह से उसकी हैंडलिंग हो, इन सभी विषयों पर बहुत ही ध्यान रख कर ही काम करना चाहिए। मैं माननीय सांसद महोदय से निवेदन करूंगा कि वे डीटेल में चर्चा करें और जितने भी मंदिर के प्रशासन से जुड़े हुए लोग हैं, उनके साथ बातचीत कर के ही कोई फैसला आगे लेना चाहिए।

(इति)

**(प्रश्न 224)**

**श्री राजीव राय (घोसी) :** महोदय, सोलर एनर्जी में आज-कल एक बहुत प्रचारित कार्यक्रम चल रहा है, जिसका नाम 'प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना' है। मैं इसके बारे में माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि इसमें एक किलोवॉट से ले कर 10 किलोवॉटर तक, 65 हज़ार रुपये से ले कर पांच लाख रुपये तक की कीमत रखी गई है, जो निश्चित रूप से वेंडरों से मिल कर जरूरत से ज्यादा कीमत है। उसमें उपभोक्ताओं को 20 हज़ार से रूपये से लेकर तीन लाख, 92 हज़ार रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

अध्यक्ष जी, हमारे यहां तो जो गरीब बिजली उपभोक्ता हैं, खास कर के बुनकर उपभोक्ता पांच सौ रुपये तक के बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिसके लिए छापेमारी की एक व्यवस्था शुरू की गई है। लाखों रुपये की अवैध वसूली रोज होती है और यह बड़ा इश्यू बना हुआ है।

मैं यह जानना चाहता हूँ कि क्या इस कार्यक्रम को असफल बनाने के लिए इस तरह की कीमत रखी गई है? मैं उदाहरण देना चाहता हूँ कि हमारे यहां 19 हज़ार घरों का लक्ष्य है और अब तक सिर्फ 98 घरों में लगे हैं और उनमें से भी एक को भी सब्सिडी अभी तक नहीं मिली है। मेरा सवाल यह है कि क्या इस दाम को सरकार कम करेगी? सब्सिडी सही समय पर मिले या ज़ीरो पेमेंट पर या मिनिमम पेमेंट पर आप लगा सकें तो यह कार्यक्रम भी सही चलेगा, उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और भ्रष्टचार भी कम होगा। साथ ही, हमारे बुनकर भाइयों को लूटने से बचाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

(1140/MY/SRG)

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** माननीय अध्यक्ष जी, सोलर एनर्जी को प्रमोट करने के लिए सरकार ने बहुत सारी स्कीमों के माध्यम से प्रयास किया है कि देश में सोलर एनर्जी बढ़े। आज हम जिस पावर के ऊपर डिपेंड हैं, सोलर एनर्जी की ताकत से हम धीरे-धीरे अपनी प्रॉब्लम को सॉल्व करने में सक्षम होंगे।

माननीय सांसद जी ने जो प्रश्न पूछा है, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि अब तक हमने छह स्कीम्स तैयार की हैं। जैसा सांसद जी ने कहा है, हम निश्चित तौर से उनको बताना चाहेंगे कि पहले इसकी कॉस्ट प्रति यूनिट छह रुपये से ज्यादा आती थी। अब हम प्रति यूनिट ढाई रुपये पर आ गए हैं। अब जिस तरह से रिनोवेशन हो रहा है, उससे हमारी कॉस्ट भी कम हो जाएगी। जिस तरह से माननीय सांसद ने कहा है, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि इन स्कीमों के माध्यम से आगे हम लोगों को कम कॉस्ट पर भी बिजली दे पाएं।

**श्री राजीव राय (घोसी) :** महोदय, मेरा सवाल यह था कि संयंत्र लगाने में जो कॉस्ट आ रही है, उसकी वजह से 19 हजार के बनिस्पत केवल 98 घरों पर लगे हैं। उसकी कॉस्ट कम करने की मैं बात कर रहा था। सवाल कुछ और है, जवाब कुछ और आ रहा है। मैं आपसे अपेक्षा करूंगा कि आप थोड़ा होमवर्क करके जवाब दें ताकि हम अपने क्षेत्रों में लोगों को आपकी तरफ से बता पाएंगे।

दूसरा, अभी सौर ऊर्जा की बात हो रही है। मैं जानना चाहूंगा कि देश के बड़े औद्योगिक घराने जैसे अडाणी वगैरह हैं, उनको इसमें कितना हिस्सा दिया गया है और क्या उनके इलाके में काम हो रहा है? इसके साथ ही उनसे जनता को क्या बेनिफिट मिलेगा?

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** अध्यक्ष महोदय, भारत सोलर एनर्जी में आत्म-निर्भर हो, इसके लिए हमने स्कीम भी तैयार की है। जो पीएलआई स्कीम है, यह ऐसी स्कीम है कि जो लोग खुद पावर बनाएंगे, उन तक यह स्कीम आगे गई ही नहीं है। इसके लिए सरकार ने कहीं भी अब तक पैसा नहीं दिया है।

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर प्रश्न पूछने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कार्बन उत्र्सजन को कम करने के लिए और सौर ऊर्जा बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेकों बहुत कारगर उपाय किये हैं। उनमें पीएम सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम योजना और जनमन योजना शामिल हैं। ये सभी ऐसी योजनाएं हैं, जिनमें करोड़ों की संख्या में उपभोक्ता स्वयं चलकर इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं, मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, जो खाली पड़ा हुआ है और वहां पेड़ भी नहीं हैं। वहां कैमूर की पहाड़ियां हैं। 15-20 किलोमीटर का एरिया है। क्या आप वहां पर एक बड़ा सौर ऊर्जा का संयंत्र लगाने के लिए उसका सर्वे कराएंगे? यह मध्य प्रदेश के सतना जिले में है।

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सांसद ने जो प्रस्ताव रखा है, उसके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि हमने सोलर एनर्जी प्रोडक्शन के लिए अलग-अलग स्कीम्स दे दी हैं। इसी तरह से जो सूर्य घर योजना है, उसमें हम घर के ऊपर तीन किलोवाट के लिए सब्सिडी देते हैं। पहले किलोवाट तक हम 30 हजार रुपये देते हैं, दूसरे किलोवाट तक 22 हजार रुपये देते हैं और तीसरे किलोवाट के लिए हम 18 हजार रुपये देते हैं। सूर्य घर योजना में हम करीब 70 हजार रुपये की सब्सिडी देते हैं। ऐसे ही हमारा संकल्प है कि इस सूर्य घर योजना में एक करोड़ हाउसहोल्ड में संयंत्र लगाना है।

महोदय, मैं सांसद जी को बताना चाहता हूं कि यह जो स्कीम है, इसे आपको खुद तैयार करना है। ग्रिड से जो पैसा मिलेगा, एग्रीमेंट के हिसाब से उसका जो रेट है, उसी तरह से आपको फायदा मिलेगा। मैं सभी माननीय सदस्यों से अपील करता हूं कि सोलर एनर्जी बनाने की स्कीम को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों में प्रोत्साहित करें। यही हमारी रिक्वेस्ट है।

(इति)

(1145/CP/RCP)

**(प्रश्न 225)**

**श्री धर्मबीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) :** महोदय, हरियाणा के बहुत से लोग हर रोज खाटू श्याम जी जाते हैं। हमारा सारा प्रदेश धार्मिक भावना से जुड़ा हुआ है। ये समय-समय पर ट्रेन चला देते हैं। क्या मंत्री जी ट्रेन संख्या 9733 और 9734 को स्थायी करेंगे? साथ में, वहां जाने के लिए भिवानी से शीतल वाया लोहारू नई रेल लाइन बिछाने का भी क्या कोई प्रस्ताव इनके पास है? एक ट्रेन हिसार से चलती है, लेकिन सिवानी उसका स्टेशन नहीं है। ट्रेन संख्या 14717 और 14718, 22737 और 22738 का इस स्टेशन पर ठहराव हो। भिवानी जिले में बड़ा सब डिवीजन है, लेकिन हिसार से चलने के बाद वहां ट्रेन नहीं रुकती है। भिवानी के अंदर अंग्रेजों के समय से वाशिंग लेन चल रही थी। अब सुनने में आ रहा है कि उसे हिसार शिफ्ट किया जा रहा है। क्या आप उसे दोबारा बनवाएंगे?

**श्री अश्विनी वैष्णव :** मान्यवर, सांसद जी ने बहुत इंपोर्टेंट पॉइंट रेज़ किया है। मैं बताना चाहूंगा कि भिवानी और सीकर के बीच में कनेक्टिविटी इंप्रूव करने के लिए झज्जर, चरखी, दादरी, लोहारू नई लाइन का 94 किलोमीटर का फाइनल लोकेशन सर्वे सैंक्शन किया है। एक बार डीपीआर बन जाए, उसके बाद उस पर आगे काम होगा।

खाटू श्याम जी, जो कि हम सबकी श्रद्धा से जुड़ा हुआ है, उसके लिए रिंगस से खाटू श्याम जी की 17 किलोमीटर की नई लाइन सैंक्शन हो गई है। उसके लिए लैंड एक्विजिशन का काम चालू हो गया है। जिस स्टेशन की बात मान्यवर सांसद जी ने कही, उसके बारे में मैं जानकारी लेकर इनको दे दूंगा।

**श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या दिल्ली के तुगलकाबाद स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस 19119 एवं 19120 और फिरोजपुर-मुंबई के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस 19023 एवं 19024 का ठहराव कोविड काल के दौरान बंद कर दिया गया था? यदि हां, तो क्या सरकार का लोगों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए तुगलकाबाद स्टेशन पर उक्त रेलगाड़ियों के ठहराव को पुन: बहाल करने का कोई विचार है? यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**श्री अश्विनी वैष्णव :** अध्यक्ष जी, यह प्रश्न हरियाणा का है। मैं आपके माध्यम से यह जरूर बताना चाहूंगा कि 10 साल पहले हरियाणा जैसे महत्वपूर्ण प्रदेश का मात्र 315 करोड़ रुपये एनुअल एलोकेशन रेलवे का होता था। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हरियाणा को 3,383 करोड़ रुपये का एलोकेशन दिया है और हरियाणा में बहुत अच्छा काम तेजी से चल रहा है। वहां डबल इंजन की सरकार है।

साथ ही साथ, दिल्ली की बात मान्यवर सांसद जी ने कही। दिल्ली जैसे प्रदेश के लिए पहले मात्र 96 करोड़ रुपये का एलोकेशन साल का होता था। आज माननीय प्रधान मंत्री जी ने 2,582 करोड़ रुपये का एलोकेशन दिल्ली के लिए किया है। मान्यवर सांसद महोदय ने जिन ट्रेन्स के स्टॉपेज की बात कही है, उसके बारे में मैं इंडीविजुअल जानकारी लेकर उनको बता दूंगा।

(इति)

(1150/PS/NK)

**(Q. 226)**

KUMARI SUDHA R. (MAYILADUTHURAI): Thank you, hon. Speaker, Sir.

I would like to ask a question through you to our hon. Prime Minister, who is very well available here. Will the share of power allocation from Kudankulam and Kalpakkam projects to Tamil Nadu be increased given the risk the State takes and the power need it has?

My second question is this. The answer says that twelve projects are under construction. But the list is only containing the details of 11 projects.

DR. JITENDRA SINGH: Hon. Speaker, Sir, I appreciate the concern of the hon. Member for the projects falling in the State of Tamil Nadu. I would just like to tell her that this issue of the power share has been deliberated upon very extensively not only within the Department of Atomic Energy but more so with the Department of Power, Ministry of Power, and Ministry of New and Renewable Energy. The earlier formula, which was known as Gadgil Formula, made only about 15 to 20 per cent of the electricity available for the home State where it was being generated. In fact, that was revised, and as of today, 50 per cent of the electricity is available to the home State; 35 per cent of the electricity is available to the neighbouring States in the region; and 15 per cent of the electricity is unallocated which goes to the grid. And that has been by and large accepted as a consensus for all the States and Union Territories of the country. Considering the concept of 'One Nation' and 'Whole of Government', I think, that is in the true federal spirit as well.

Now, as far as the second part is concerned, it is just that one of the projects has been on hold in Rawatbhata. So, that is why, maybe the numerical difference that she is pointing out is there. But overall, she would be glad to know that Kudankulam is one project which had been envisaged somewhere around 1990. It was repeatedly visited, and revisited, but it was only after 2014 when Prime Minister Modi ji took over, that it has been made functional. Now, we have four units of Kudankulam which are made functional and so also Kalpakkam. The unique feature of all these power generation capacities is this. I am not speaking on my behalf, but I am speaking through the figures and statistics. In 2014, when this Government came, the total power generation capacity of India was 4,780 megawatts, which has almost doubled now in 2024 to 8,180 megawatts. So, the capacity developed in the last sixty years is equal to the capacity developed in the last ten years. And not only so, if we proceed by the same pace, our future projections reflect that by 2031-32, this generation capacity would increase three times from today, which is about

22,480 megawatts. This has been possible because we had the talent; we had the equipment; and we had the capacity, but what was lacking perhaps was the enabling milieu which is provided by the political leadership and that happened after 2014. A number of decisions were taken like bulk approval of ten reactors; extra allocations; decisions to have joint ventures with PSUs; and also, involvement of the private sector in a very limited manner of course. We have also diversified, not only confined atomic energy to generation of energy. As Homi Bhabha had rightly pointed out at the time of inception, India's nuclear programme will be dedicated for peaceful purposes. At that time, there was some controversy as Hiroshima had just happened. And today, we are living up to that vindication under the leadership of Prime Minister Modi.

Atomic energy is being extensively utilised in agriculture sector. Even for mutagenesis, we have produced 70 mutagenic crops. With the intervention of atomic energy, we have fortified foods. In health sector, we are among the first in the world to have come up with a new set of series of isotopes which are being used in the treatment of cancer. And similarly, in the defence sector, through the atomic energy process, we have come out with cost-effective and light-weight bullet-proof jackets.

These are just a few examples. Otherwise, we will go up for the whole day.

KUMARI SUDHA R. (MAYILADUTHURAI): Sir, my second question is this. The answer says that there are 12 projects which are under construction. But only 11 projects are listed here. Which is the 12th project? Kindly provide the project-wise completion date? Thank you.

(1155/SMN/SK)

DR. JITENDRA SINGH: If you go through in detail, it has been provided. We have provided the amount of construction that has happened and the amount of it left. On the exact date, it does not happen because sometimes in the process of the construction of the project, some of the imponderables come in. When we are expanding, sometimes there comes land acquisition issues, sometimes the forest clearance issue, sometimes the equipment has to be procured from another country. So, it is not easy to give an exact date but we have nine projects under construction; and with a total of 14, some of them are in the pre-project stage. Pre-project stage means that the construction has not *per se* started but it is in the process of obtaining clearance and the procedural works being accomplished. That is how, we have categorized it into two parts in the answer.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much Mr. Speaker, Sir, for giving me this opportunity to ask the supplementary.

Sir, atomic power has become very important as far as our country is concerned. From the traditional system of generation of power, we are moving to atomic power.

One of the raw materials for atomic power is uranium and thorium and this is derived from monazite and in our country especially in the State of Kerala, in the beach sand minerals, we are having abundant availability of monazite. The Monazite is abundantly available in the coastal areas. We have derived it. The Indian Rare Earth Limited is there. But unfortunately, it is not being utilized properly. So, I would like to know from the hon. Minister that even by the Indian Rare Earth Limited, there is no value addition expansion project at the mother plant in my Constituency Chavara.

I would like to know from the hon. Minister whether by the Ministry of the Government of India which directly comes under the hon. Prime Minister whether some projects will be commenced so as to utilize this monazite to generate power and some value addition project will be implemented in IRE.

Thank you very much.

HON. CHAIRPERSON: But today, there is a very important Bill on which the hon. Minister has to give his reply. माननीय मंत्री जी, आप रेल (संशोधन) विधेयक, 2024 पर बोलें।

### Re: Expansion of railway services in Odisha

**श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) :** 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सरकार आने के बाद ओडिशा राज्य को रेलवे में जो बजट मिल रहा है एवं जिस प्रकार का विकास हो रहा है वह अतुलनीय है इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय रेल मंत्री जी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम पड़ेगी। फिर भी पिछड़ापन और गरीबी के कारण रेलवे की दृष्टि से ओडिशा का और विकास किये जाने की आवश्यकता है। अतः मेरा यह विनम्र निवेदन है कि ओडिशा जैसे राज्य के सभी इलाकों को पूर्व तट रेलवे के दायरे में लाया जाए। राज्य के बालेश्वर, बारिपदा, बड़बिल, राउरकेला, झारसुगुड़ा, ब्रजराजनगर और बेल पहाड़ जैसे एरिया को पूर्व तट रेलवे के अधीन लाया जाए। अंगुल जिले के बूढ़ापंक से ढेंकानाल जिले के पर्जंग कामाक्षा नगर, भुवन होकर याजपुर जिले के सुकिंदा रोड खण्ड में सवारी गाड़ी चलायी जाए, उसी रूट देकर लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जा सकती है। 'तालचेर-विमलगढ़' निर्माणाधीन रेलवे लाइन के निर्माण कार्य को और गति दी जाए एवं शीघ्रातिशीघ्र संपूर्ण किया जाए।

(इति)

-----

## Re: Alleged irregularities in construction work of NH 730C in Shahjahanpur Parliamentary Constituency

**श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) :** मैं सदन का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी जो संसदीय क्षेत्र शाहजहापुर (उ०प्र०) से होकर गुजरता है, की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र के गुजरने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा अल्लाहगंज से मीरानपुर कटस सेक्शन में पेव्ड शेल्डर कॉन्फ़िगरेशन के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन का कार्य चल रहा है।

उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटरा से रहेता, जो 23 कि०मी० है तथा मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के अन्तर्गत आता है, के भ्रमण के दौरान मुझे विदित हुआ है कि उक्त 23 कि०मी० सड़क के निर्माण कार्य में निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप उपयोग में नहीं लाई जा रही है और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बहुत ही घटिया स्तर की है।

मुझे संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बिल्डर कंपनी के विरुद्ध ग्रामीणों से निरंतर शिकायतें मिल रही है कि यह बिल्डर सरकारी धन का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

मैं यह तथ्य भी ध्यान में लाना चाहूंगा कि उपर्युक्त कटरा रहेता राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में मिट्टी का घनत्व भी ठीक नहीं है तथा गिट्टी का साईज भी मानक के अनुरूप नहीं है और सड़क निर्माण के कार्य हेतु जिन किसानों की भूमि से मिट्टी ली गई है. उसको अधिक मात्रा में निकाला गया है और साथ ही किसानों की सहमति के बगैर ही रात्रि के समय में उनकी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया गया है, जिससे न केवल स्थानीय किसानों में नाराजगी है, बल्कि ग्रामों के सम्पर्क मार्ग भी खराब हो गए हैं और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) के अन्तर्गत कटरा से रहेता (राष्ट्रीय राजमार्ग 730-सी), जिसकी दूरा 23 कि०मी० है. के निर्माण कार्य में हो रहे कदित कदाचार और उपयोग में लायी जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा उपर्युक्त तथ्यों की जांच मंत्रालय स्तर पर केन्द्रीय तकनीकी समिति से करवाए जाने और जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों को मुझसे भी सम्पर्क किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाए।

(इति)

-----

**Re: Need to set up Kendriya Vidyalaya at Jarmundi (Dumka), Deoghar and Mahagama (Godda) in Santhal Pargana region of Jharkhand**

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Jharkhand State is having two major regions, Santhal Pargana and Chhota Nagpur. Keeping the socio-economic problem being faced by Santhal Pargana in mind where agriculture is only the main source of income, we see an urgent need for a comprehensive plan of action where special emphasis on good and equal opportunity of employment friendly education is given utmost importance. Santhal Pargana districts of Deoghar, Godda, Jamtara, Pakur, Sahibganj and Dumka count amongst the socially, educationally and economically backward districts of the country. A look at the statistics of health, education, income, etc., gives an appalling picture of the poor state of the people. Jharkhand is a rich State. It possesses 40% of India’s mineral resources, but the access to resources has made little difference to the lives of the ordinary people. Poverty and ignorance are still causes for low literacy rates, poor school attendance and large-scale drop-outs. I, therefore, seek your personal attention towards the need to set up three Kendriya Vidyalayas. An ideal location would be JARMUNDI (DUMKA), DEOGHAR AND MAHAGAMA(GODDA) in the SANTHAL PARGANA region.

(ends)

-----

**Re: Need to expedite construction of broad gauge railway line from Chanasma to Radhanpur in Patan Parliamentary Constituency**

**श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी (पाटण) :** मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण में चाणस्मा और राधनपुर के बीच कंबोज, हारिज, सरवल, सामी, बस्पा और बाबरी स्टेशनों को जोडते हुए इस मार्ग पर नई ब्रोड- गेज लाइन के लिए संयुक्त क्षेत्र सर्वेक्षण किया जा रहा है। माननीय रेलमंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करते हुए चाणस्मा से राधनपुर तक ब्रोड-गेज लाइन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवायें और यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करवायें ताकि इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकें।

(इति)

-----

**Re: Need to run a Vande Bharat train between Satna and Delhi and also make alternative arrangements in place of railway underpasses at level crossings affected by flooding**

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वंदे भारत ट्रेन का संचालन देश के पर्यटन स्थलों और धार्मिक क्षेत्रों को भी जोड़ते हुये राजधानी दिल्ली तक चलाना चाहिये, इसी कड़ी में मेरी मांग है, कि सतना, रीवा, चित्रकूट, बांदा और कानपुर होते हुये दिल्ली के लिये भी एक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाय, मेरी दूसरी मांग यह है, कि रेलवे लाइनों पर समपार फाटक बंद करने के लिये जो अंडरग्राउन्ड ब्रिज बनाये गये हैं, उन सभी पुलों में बरसात का पानी भरा रहता है, बरसात के समय में लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। उनकी डिजाईन के कारण कई जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं, तथा सुविधा न रहने के कारण अन्य कई तरह के अपराध भी हो रहे हैं, मुझे लगता है, यह टेक्नोलॉजी सफल और कारगर नही है, इसलिये कोई नई तकनीकी अपनाना चाहिये।

(इति)

-----

**Re: Need to expedite construction of Sone-Kanhar Pipeline Irrigation Project in Jharkhand**

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले (झारखण्ड) की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गयी थी। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में स्छज् कंपनी के द्वारा शुरू किया गया एवं मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कम्पनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था। परंतु उक्त कम्पनी के द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है तथा अभी भी कार्य अपूर्ण है जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। विदित है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी एवं गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जाएगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है। आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण कराने की कृपा की जाय।

(इति)

-----

**Re: Need to develop a new Greenfield Road Project between Akola, Maharashtra and Khandwa, Madhya Pradesh**

SHRI ANUP SANJAY DHOTRE (AKOLA): Regarding a new road project that can significantly improve connectivity and reduce travel time between Indore (Madhya Pradesh) and Hyderabad (Telangana). Currently, there is no 4 lane highway in akola khandwa route. Developing a greenfield project between Akola and Khandwa can reduce the distance by 40-50 km and travel time by 2 hours. This project would bring employment and various other benefits.

(ends)

-----

**Re: Need to improve mobile telecommunication service in Palghar district, Maharashtra**

**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) :** पालघर जिले में बीएसएनएल और मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कुछ निजी कंपनियों का मोबाइल और वाईफाई नेटवर्क/सिग्नल काफी कम आता है। मोबाइल सिग्नल किसी जगह पर आता है और कहीं बिल्कुल उपलब्ध नहीं होता है। मोबाइल पर बात करते हुए कई बार सिग्नल ड्रॉप होने के कारण मोबाइल से संपर्क करने में बहुत ही कठिनाई होती है। अनेक तालुका ऐसे है जहां बीएसएनएल और निजी मोबाइल सेवा प्रदान करने वाले कम्पनियो का सिग्नल बिल्कुल नहीं के बराबर आता है। इस कारण से यहां रहने वाले स्थानीय लोगो को बहुत परेशानी होती है। पालघर जिले की कुल जनसंख्या लगभग 29,90,116 है और 15 लाख से ज्यादा मोबाइल का उपयोग करने वाले लोग हैं। । जिले के मोखाडा, तलासरी, वसई, विक्रमगढ़, पालघर, दहानू और वाडा में सिग्नल की समस्या काफी गंभीर है। मेरा माननीय संचार मंत्री महोदय से अनुरोध है कि पालघर जिले में मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या को हल करने के लिए जरूरी कदम उठाएं जाएं और बीएसएनएल और निजी कंपनी दोनों को सिग्नल में सुधार करने का आदेश देने की कृपा करें। यहाँ के जिस गांव या तालुका में सिग्नल कम या ना के बराबर है वहां अतिरिक्त मोबाइल टावर लगाने का भी प्रबंध किया जाए।

(इति)

-----

**Re: Need to enhance the deposit insurance coverage for senior citizens**

SHRI TEJASVI SURYA (BANGALORE SOUTH): Amendments to the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation (DICGC) Act in 2021 provided an insurance cover for depositors up to Rs 5 lakh, a 5-time increase in the deposit insurance. It also helped citizens access their deposit insurance amount within 90 days of the bank coming under a moratorium imposed by RBI. However, the DICGC Act's structure includes clauses granting it the right to claim priority on the bank's assets, with depositors holding more than Rs 5 lakh receiving residual payments only after DICGC claims are fulfilled. Due to this, many financial experts advocate for reforms to allow greater depositor-first rights and to raise the insurance limit further to reflect inflation and other economic changes. Further, there is a need for targeted protections for senior citizens, who often rely on fixed deposits as a primary income source like in the case of the Shri Guru Raghavendra Cooperative Bank in my constituency. Therefore, I request the Government to consider to raise the deposit insurance coverage for senior citizens, reflecting their higher vulnerability; ensure stressed banks are allowed sufficient time to repay the DICGC; and help depositors with more than INR 5 lakh receive a higher proportion of the residual assets. (ends)

-----

**Re: Need to establish an AIIMS in Jamshedpur, Jharkhand**

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) :** मेरा विषय झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखण्ड) अंतर्गत व्याप्त स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बंधित है। मेरा संसदीय क्षेत्र झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की सीमाओं के पास स्थित है, और यहाँ के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। इन क्षेत्रों में बहुसंख्यक आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, जिनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। हमारे राज्य में Deoghar में AIIMS अस्पताल है, लेकिन यह जमशेदपुर से लगभग 350 किलोमीटर दूर है, जिससे यहाँ के लोगों के लिए इलाज प्राप्त करना अत्यंत कठिन हो जाता है। यात्रा की दिक्कत और चिकित्सा सहायता की कमी के कारण लोग इलाज के लिए दूर-दूर तक जाते हैं, जो उनके लिए आर्थिक और शारीरिक बोझ बन जाता है। अत : मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जमशेदपुर में घाटशिला और बहरागोड़ा के बीच एक AIIMS अस्पताल की स्थापना की जाए। इससे न केवल झारखंड, बल्कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। इस कदम से आदिवासी और पिछड़े समुदाय के लोगों को जीवनदायिनी चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकेंगी, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी।

(इति)

-----

**Re: Need to set up a Tribal Auditorium and Museum at Rairangpur in Mayurbhanj Parliamentary Constituency**

SHRI NABA CHARAN MAJHI (MAYURBHANJ): I rise to draw attention to the vibrant cultural heritage of Mayurbhanj District, Odisha known for its deep-rooted traditions and rich tribal art forms. The district is notable for the globally acclaimed Chhau Dance, captivating Jhumar Folk Songs, and significant festivals like Makar Parva and Karama Parva, which reflect the profound cultural ethos of the region. To preserve and promote this invaluable cultural heritage, I propose the establishment of a Tribal Auditorium and Museum in Rairangpur, Mayurbhanj. This facility would not only serve as a hub for showcasing traditional art forms but also as an educational center for cultural exchange and learning. The proposed auditorium would provide a platform for artists to perform and exhibit their skills, enhancing the cultural landscape and encouraging tourism. The museum would act as a repository of tribal history and artifacts, preserving it for future generations while fostering research and academic interests in tribal culture. I urge the Government to consider this proposal seriously, honoring the distinctive tribal heritage of Mayurbhanj and promoting cultural diversity.

(ends)

-----

**Re: Establishment of an airport in Raigarh Parliamentary Constituency**

**श्री राधेश्याम राठिया (रायगढ़) :** मैं माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र (छत्तीसगढ़) में एयरपोर्ट बनना था, जो एक महत्वपूर्ण परियोजना है। यह परियोजना 2011 में प्रस्तावित की गई थी, जिसमें 200 एकड़ भूमि का भू अर्जन करना था, लेकिन किसी कारणवश वह पूरा नहीं हो पाया। मैं आग्रह करता हूं कि माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी के द्वारा किसी विशेष एजेंसी के माध्यम से इसकी जांच कराई जाए और इस परियोजना को पुनः शुरू किया जाए। रायगढ़ एयरपोर्ट, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां कई उद्योगों का केन्द्र है, लेकिन हवाई संसाधनों की कमी के कारण कई उद्योग यहां स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। इस एयरपोर्ट के आने से नौकरी को बढ़ावा मिलेगा और रायगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। मैं माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे इस परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

(इति)

-----

**Re: Need to set up CGHS Wellness Centre in Palakkad, Kerala**

SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD): It has been a long pending demand of beneficiaries to have a CGHS Wellness Centre at Palakkad. There are hundreds of CGHS beneficiaries in the district who are mostly senior citizens. In the absence of a CGHS Wellness Centre at Palakkad they are facing a lot of problems to get medical treatment. The nearest CGHS Centres are located at Kochi and Kozhikode, both are at a considerable distance from Palakkad, making it very difficult to access basic health services. Monthly visits are not only physically taxing but also contributes to health deterioration and travel time takes 12 to 14 hours to and fro per visit. This time period of travel for a single visit causes considerable inconvenience for beneficiaries. Several elderly and physically challenged individuals even neglect treatment just because of distance and cost of travel. The CGHS Wellness Centres at Kochi and Kozhikode are all overburdened which leads to extreme deterioration in quality of service. Given the long distance and frequent trips, this creates further difficulties for those who already face mobility issues due to old age and also financial burden. Therefore, it is requested to open a Wellness Centre of CGHS in Palakkad urgently.

(ends)

-----

**Re: Need to regularize the Network Field Engineers working on *ad hoc* basis in NIC**

SHRI S. SUPONGMEREN JAMIR (NAGALAND): Regarding regularization of services of Network Field Engineers working as adhoc employees, in NIC. (ends)

-----

**Re: Construction of village roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in Banaskantha Parliamentary Constituency**

**श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर (बनासकांठा) :** आज हम देश की आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने के पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। वहीं आज भी मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा मे काफी गांवों मे सड़कों की समस्या बनी हुई हैं। यहाँ पर एक गाँव से दूसरे गांवों मे जाने के लिए सड़कों के हालात बिल्कुल अच्छे नहीं है तथा अभी भी यहाँ पर कच्ची सड़के हैं। बच्चों को स्कूल जाने तथा ग्रामीणों को एक गाँव से दूसरे गाँव मे जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तथा खास तौर पर बारिश के समय में तो यहाँ की सड़कें कीचड़ मे तब्दील हो जाती हैं और लोगों को गाँव से निकालना काफी कठिन हो जाता है तथा वहीं गांवों मे किसी कि तबीयत बिगड़ती है तो उसे अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है और ऐसे मे कुछ मरीजों की इलाज के अभाव में मृत्यु हो जाती है। यहाँ पर सड़कों का निर्माण किया जाना नितांत आवश्यक है। इसलिए, मैं सरकार से मांग करती हूँ कि यहाँ पर ग्रामीण सड़कों का सर्वे कराकर, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इन खराब सड़कों का निर्माण कराया जाय जिससे ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा हो सके। (इति)

-----

**Re: Need to provide compensation for acquisition of land for Angamali-Erumeli Sabari Railway Line Project in Kerala**

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): The Angamali-Erumeli Sabari railway line, first sanctioned in 1997-98, was envisioned to connect the pilgrim center of Sabarimala with the rest of the country and promote regional development. Despite its significance, the project has faced prolonged delays. I am grateful to the Hon'ble Minister of Railways recent announcement to revive the project through a tripartite agreement involving the Government of Kerala, the Reserve Bank, and Indian Railways. Land acquisition for the first 70 kilometers is at an advanced stage, with demarcation and Social Impact Assessment (SIA) completed in four taluks. However, landowners have endured hardships for 27 years, unable to sell or pledge properties, with many houses in the project area now uninhabitable. The revised project cost is estimated at ₹ 3500 crore. Southern railway approved this estimate and Kerala Government agreed in principle on the revised proposal for Land acquisition for this project. The flywood industries of Perumbavoor region & Agriculture produce of Idukki (Spices, Tea, rubber, cash crops) will find better markets with faster transportation. With Rs. 200 crore allocated in the last two Union Budgets, I request immediate steps to de-freeze the project and release funds for land compensation. This will facilitate construction resumption and bring immense socio-economic and cultural benefits to the region.

(ends)

-----

**Re: Need to review and refix the norms of creamy layer**

**श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) :** 1993 में गठित क्रीमी लेयर संबंधी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के अनुसार, आय का मानदंड निर्धारित किया गया था, जिसमें कृषि और वेतन से आय को छोड़कर अन्य स्रोतों से आय विचारणीय है। इस रिपोर्ट को 1993 में संसद में पेश किया गया था और उस पर ही आधारित नीति बनाई गई थी। 1992 में इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि आरक्षण का आधार सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर होना चाहिए, न कि सिर्फ आय पर। न्यायालय ने यह भी निर्धारित किया कि जब कोई व्यक्ति अपने वर्ग के सामाजिक और आर्थिक स्तर से ऊपर उठ जाता है, तो उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर कर दिया जाना चाहिए। क्रीमी लेयर के मानदंडों को पुनर्निर्धारित किया जाए ताकि वास्तविक सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखा जा सके। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों और संसदीय समितियों की रिपोर्टों के अनुरूप नीतियों को लागू किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य संगठनों में ओबीसी के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाए। (इति)

-----

## Re: Need to review complaint Redressal Mechanism in Government Departments and to implement Court orders

**श्री राजीव राय (घोसी) :** यह दुःखद है कि सरकारी कर्मचारी अक्सर न्याय प्राप्त करने के लिए कोर्ट का सहारा लेते हैं, क्योंकि सरकारी विभागों में मौजूदा शिकायत निवारण तंत्र अत्यधिक असंतोषजनक और अपर्याप्त है। यह और भी विडंबनापूर्ण है कि जब कोई कर्मचारी कोर्ट जाता है और उसके पक्ष में आदेश प्राप्त करता है, तो वही आदेश उसी विभाग में अन्य समान स्थिति वाले कर्मचारियों के लिए लागू नहीं किया जाता। इसके परिणामस्वरूप, अन्य कर्मचारियों को भी न्याय प्राप्त करने के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़ता है। इससे न केवल कर्मचारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है, बल्कि ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़ जाती है जो बचाए जा सकते थे।

इसका एक ताज़ा उदाहरण मुझे हाल ही में "सीमा सुरक्षा बल" (SSB) के एक मामले में देखने को मिला, जहाँ Writ Petition No. WP/Civil/3549/2018 में एक कर्मचारी के पक्ष में कोर्ट से आदेश प्राप्त हुआ था और उस आदेश को सरकार ने उसी कर्मचारी के मामले में लागू किया, लेकिन उसी संगठन में समान स्थिति वाले अन्य कर्मचारियों के लिए इसे लागू नहीं किया गया। इसी तरह, पेंशन नियमों में कुछ संशोधनों को लागू करने के लिए कई बार कोर्ट में न्याय की आवश्यकता पड़ी, ताकि 2004 के बाद सरकारी पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जा सके। इसी प्रकार, कई सेवानिवृत्त पेंशनर्स को जून में सेवानिवृत्त होने पर अपनी पेंशन में काल्पनिक वृद्धि के लाभ के लिए कोर्ट में भागना पड़ा। अब फिर से मुझे बताया गया है कि कई पेंशनर्स को अपनी पेंशन के कम्युटेशन के कार्यकाल को कम करने के लिए कोर्ट में जाने की आवश्यकता पड़ रही है।

यह अत्यंत दुखद है कि हमारे कर्मचारी अक्सर ऐसे मामलों में सरकार के खिलाफ कोर्ट में होते हैं, जिनका समाधान सौहार्दपूर्वक और वास्तविक शिकायतों को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता था। इससे न केवल इन कर्मचारियों/पेंशनर्स पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ता है, बल्कि यह न्यायपालिका पर भी ऐसे मामलों का बोझ बढ़ा देता है, जिन्हें रोका जा सकता था।

मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि वे अपने शिकायत निवारण तंत्र को पुनः समीक्षा करें और इसे अधिक प्रभावी बनाएं, ताकि कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनर्स को अपनी सही और उचित मांगों को लेकर कोर्ट का रुख न करना पड़े। इसके अलावा, कोर्ट के निर्णय के मामले में सरकार को चाहिए कि वह उसे समान रूप से सभी समान स्थिति वाले कर्मचारियों या पेंशनर्स पर लागू करें, बजाय इसके कि उन्हें फिर से न्याय के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़े, जबकि पहले ही किसी विशेष मामले में कोर्ट ने आदेश पारित किया है।

(इति)

-----

**Re: Need to construct roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Dharmapuri district, Tamil Nadu**

SHRI A. MANI (DHARMAPURI): I urge the Union Government that the following roads in Dharmapuri district, Tamil Nadu be included and constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana:-

(1) Thiimalanmedu to Koturmalai - Hill Road in Pennagaram Union

To provide an approach road (5.80 km length) from Thimalanmedu to Kooturmalai in Pennagaram Block, Stage-I permission was obtained by the district administration from the Forest Department and the compensation of around Rs 2.20 crore already remitted for the 5.82 Hectares land diverted in Kammapatty Panchayat, Nallampalli Block by the District Administration to Forest Department and proposal for Stage II clearance is to be submitted to Forest Department. Detailed Project Report prepared for the amount of Rs.15 crore has been submitted for sanction of grant and after getting the necessary assistance, the road will be constructed soon.

(2) Konayankadu to Malayur kadu in Maniyathalli Panchayat in Nallampalli Block

Compensation of the land to the extent of 5.00 Hectares in Kammapatty Panchayat, Nallampalli Block has been made and handed over for construction of the road from Konayankadu to Malayur Kadu in Maniyathalli Panchayat in Nallampalli Block to the length of 3.10 km and Stage-I clearance was obtained. Request has been sent to the Government for fund allocation of Rs 1.19 crore towards forest creation in compensatory land diverted. Detailed Project Appraisal Report is being prepared for commencement of road works.

(3) Road Facilities: Construction of tar road up to 17.10 kilometers from Palamalai Kannamoochi Panchayat to Kemmampatti

There are about 8257 hill people living in Palamalai Panchayat which is part of Kolathur Panchayat Union, Mettur Taluk in my Dharmapuri Parliamentary Constituency. Furthermore, there is no adequate dirt road or tar road constructed in the Panchayat. I humbly request you to consider for the construction of a 17.10 kilometer tar road from Kannamoochi section on the highway from Kolathur to Guruvareddiyur to Kemmampatti village of Palamalai Panchayat at a cost of Rs. 60.12 crore to reach the 11 villages under the Palamalai Panchayat.

(ends)

-----

**Re: Need to take comprehensive measures to control spam calls from tele-marketing and other agencies**

SHRI ARUN NEHRU (PERAMBALUR): Tele-marketing agencies and spam calls are daily nuisance to the millions of citizens in the country. Tele marketers are using loopholes to reach "customers" and waste time and irritate. The Government should take necessary action to put an end to this menace. The Government need to enact legislation by which the phone numbers and emails of consumers can not be disclosed to Tele-marketing agencies and the consumers cannot be contacted without consent. Hence, I request the Government to create an unified portal where citizens can manage whether to give the consent or not.

(ends)

-----

**Re: Need to address the problems being faced by cocoa growers in the country**

SHRI PUTTA MAHESH KUMAR (ELURU): I like to bring to the House's attention the serious issues faced by the Cocoa farmers of Eluru Parliamentary Constituency due to lack of support mechanisms to stabilize Cocoa prices from the fluctuations of international markets. Eluru is one of the biggest contributors of Cocoa with 36000 acres of Cocoa cultivation in Andhra Pradesh producing 40% of the total crop in India. However, as of now, there are no proper mechanisms and policies in place to help the Cocoa farmers from the unstable price of Cocoa internationally. To add to it, farmers also face a challenge in accruing post-harvest processing cost. I urge the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare to kindly look into the matter and provide a 90% subsidy in essential resources such as fermentation boxes, solar dryers and quality seeds. Additionally, the Government can formulate policies and support mechanisms aimed at stabilizing Cocoa prices and protecting farmers from international market fluctuations. Only when the farmers will be safeguarded, India will become a global leader in Cocoa production.

(ends)

-----

## Re: Scarcity of drinking water in Nalanda district, Bihar

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** बिहार के नालंदा जिला में इस वर्ष पीने के पानी का भारी संकट उत्पन्न हो गया है। भूजलस्तर नीचे जाने के कारण पानी का संकट चरम पर पहुंच चुका है। बिहार राज्य के दक्षिणी भूभाग के सभी जिलों, खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा में पीने के पानी की समस्या गहराती जा रही है। राज्य के दक्षिणी भूभाग की सभी नदियाँ इस समय सूख जाती हैं। राज्य के अन्य जलश्रोतों, जलाशयों और नहरों से पानी गायब हो रहा है। परिणामस्वरूप भूजलस्तर नीचे चला गया है। हैण्डपम्पों से भी पानी नहीं निकलता है। अतः मेरा आग्रह होगा कि नालंदा जिला में एक केन्द्रीय टीम को भेजा जाये जो कि पीने के पानी की समस्या का आंकलन करे और उसी आधार पर जिले के सभी पंचायतों में कम से कम 25-25 हथिया चालाकल (डीप बोरिंग) अविलम्ब दिया जाये।

(इति)

-----

## Re: Need to provide adequate funds for conservation and development of monuments of historical and cultural importance in Uttar Pradesh

**डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) :** हमारा राष्ट्र प्राचीन स्थलों, स्मारकों और परंपराओं का खजाना है। भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) ने कई महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान की है जिन पर तत्काल ध्यान देने और विकास की आवश्यकता है । उत्तर प्रदेश में सिनौली, बरनावा में लाक्षागृह और बागपत में पुरमहादेव मंदिर जैसे ये स्थल अपार ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखते हैं।इसके साथ महाभारत का साक्षी रही बागपत की इस धरा पर ही द्वापर युग की यादों को समेटे महर्षि वाल्मीकि मंदिर बालैनी में ही स्थित है। मान्यता है कि इस मंदिर में लव-कुश की जन्मस्थली है तो सीता मैया भी यहां समाई थी। भगवान राम के अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े की लगाम भी यहीं थामी गई थी। वे न केवल पर्यटन विकास की क्षमता प्रदान करते हैं बल्कि हमारे अतीत से महत्वपूर्ण संपर्क भी रखते हैं। मैं सरकार से इन स्थलों के विकास और संरक्षण के लिए पर्याप्त धन और संसाधन आवंटित करने का आग्रह करता हूं। संग्रहालय, आभासी वास्तविकता अनुभव, विरासत पार्क और जीर्णोद्धार सहित प्रस्तावित विकास न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेंगे बल्कि हमारे अपने लोगों के बीच हमारे इतिहास के लिए गहरी सराहना भी बढ़ाएंगे।

(इति)

-----

**Re: Reported non-implementation of reservation policy in recruitment of faculties in Central Educational Institutions in the country**

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): In at least two IITs and three IIMs, over 90% of faculty belong to the General Category, with another six IITs and four IIMs reporting 80-90% representation. This data, based on RTI responses from September 2024, highlights significant deviations from the Centre's reservation policy mandating 27% for OBCs, 15% for SCs, and 7.5% for STs in faculty positions at Central educational institutions. IIM Indore has 97.2% General Category faculty, with no SC or ST representation. At IIM Lucknow and IIM Udaipur, over 90% of faculty are General Category. Six IIMs reported no ST faculty, and IIM Bangalore faced protests over inadequate reservation implementation. Among IITs, Mumbai and Kharagpur have 90% General Category faculty, while five other IITs reported 80-90%. Overall, General Category faculty constitute 82.8% in 13 IIMs and 80% in 21 IITs. Notable exceptions include IIT Patna, where OBC (38%), SC (22%), and ST (13%) faculty exceed General Category (12%), and IIM Jammu, with 51% General Category faculty and significant representation from other categories. Vacancy data from seven IIMs and 11 IITs shows 256 and 1,557 unfilled posts, respectively, with the highest vacancies for OBCs, SCs, and STs.

(ends)

-----

## Re: Welfare measures for farmers

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) :** कृषि मंत्री जी का ध्यान 21 नवम्बर 2024 को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल उच्च स्तरीय समिति की अंतरिम रिपोर्ट की तरफआकर्षित करना चाहूंगा जिसने किसानों की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट देते हुए किसानों की कर्ज माफी व एमएसपी को क़ानूनी मान्यता देने तथा रोजगार सृजन के उपाय करने की सिफारिश की है, ठहरे हुए उत्पादन और घटती आय ने किसानों के सिर पर कर्ज का बड़ा बोझ डाल दिया और समिति के अनुसार 30 वर्षो में 4 लाख से अधिक किसान व खेतिहर मजदुर आत्महत्या कर चुके है जो इस बात का प्रमाण है की देश के किसानों की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार की जरुरत है।

महोदय, सिर्फ खेती-किसानी से होने वाली आय को गिना जाये तो एक किसान रोज केवल 27 रूपये ही अर्जित कर पा रहा है और इतनी कम आय में खेतों में काम करना व जीवन यापन करना मुश्किल ही नहीं नामुमिकन है,चूँकि किसानों ने भी इन मांगो को लेकर आंदोलन किया इसलिए राजस्थान सहित देश के किसानों की कर्ज माफी करने,एमएसपी को कानूनी मान्यता देने तथा कृषि विपणन प्रणाली में सुधार करने हेतु तत्काल निर्णय लिया जाए ताकि देश के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

(इति)

-----

## रेल (संशोधन) विधेयक – जारी

1403 बजे

**रेल मंत्री; सूचना और प्रसारण मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव) :** माननीय सभापति जी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। लगभग 72 माननीय सांसदों ने इस विधेयक की चर्चा में पार्टिसिपेट किया है। इस पर बहुत सकारात्मक चर्चा हुई है, बहुत अच्छे सुझाव आए हैं। कई माननीय सांसदों के इंडिविजुअल, अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे थे। कई माननीय सांसदों ने जनरल पॉइंट्स रेज किए हैं। हर एक इंडिविजुअल मुद्दे पर क्या ऐक्शन लेना है, उसका पूरा कम्पाइलेशन हो गया है।

मान्यवर सभापति जी, मैं आपकी अनुमति से बड़े मुद्दों को सबके सामने रखना चाहूंगा। सबसे पहले प्रश्न उठाया गया कि बिल की क्या आवश्यकता है? क्या इस बिल से सेंट्रलाइजेशन हो जाएगा, पार्लियामेंट का रोल क्या रहेगा इत्यादि कई माननीय सांसदों ने ये विषय उठाए हैं।

सभापति जी मैं आपके माध्यम से बहुत स्पष्ट तौर पर इस महान सदन को बताना चाहूंगा कि बेसिकली इस बिल को लीगल स्ट्रक्चर में सिम्पलिफिकेशन करने के लिए लाया गया है। जैसा कि मैंने इस बिल के इंट्रोडक्शन के समय कहा था कि रेलवे बोर्ड वर्ष 1905 के कानून से बना था। वर्ष 1905 के कानून और वर्ष 1989 के कानून, दो अलग-अलग कानून रखने की बजाय एक ही कानून हो, तो सिम्पलिफिकेशन रहेगा और एक ही कानून को रैफर करने की जरूरत पड़ेगी। इसीलिए यह बिल लाया गया है।

मान्यवर सभापति जी, इसमें कहीं सेंट्रलाइजेशन का कोई प्रश्न ही नहीं है। पिछले 10 वर्षों में मेजर डिसेंट्रलाइजेशन हुआ है। अगर आप 10 वर्षों से पहले की परिस्थितियां देखें, तो किसी जनरल मैनेजर के पास किसी भी कॉन्ट्रैक्ट, टेंडर को एक्सपेप्ट करने के लिए बहुत ही नगण्य-सी पावर होती थी, नेगलिजिबल पावर होती थी।

मान्यवर सभापति जी, आज किसी भी प्रोजेक्ट के टेंडर को प्रॉसेस करने, उसको एप्रूव करने की 100 प्रतिशत पावर जनरल मैनेजर के पास है। डीआरएम्स, जीएम्स, बाकी सारे अधिकारियों के पास बहुत मेजर डिसेंट्रलाइजेशन हुआ है। मान्यवर सभापति जी, डिसेंट्रलाइजेशन का लाभ भी बहुत हुआ है। दस वर्षों में काम की गति डिसेंट्रलाइजेशन के कारण एकदम बढ़ी है और काम का स्कोप भी बहुत बढ़ा है। पार्लियामेंट का रोल यथावत रहेगा। पार्लियामेंट देश में सुप्रीम है। पार्लियामेंट इस देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। इस बिल से पार्लियामेंट के रोल में कहीं कोई चेंज नहीं आता है। इस विषय में जिन माननीय सांसदों का कोई भी कंसर्न हो, वे निश्चिंत रहें, इसके बारे में कहीं कोई चिंता, कहीं पर कोई कंसर्न रखने की आवश्यकता नहीं है।

मान्यवर सभापति जी, दस वर्षों में प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे में फोकस्ड वे में काम हुआ है। मैं उस काम के बारे में कुछ विवरण यहां पर रखना चाहूंगा। कई मान्यवर सांसदों ने अपने विषय उठाते समय क्या काम हुआ है, किस तरह का काम हुआ है, उसके बारे में चर्चा की है। कुछ लोगों ने बहुत अच्छी चर्चा की है। कई माननीय सांसदों ने प्रश्न उठाए हैं। आपके माध्यम से ये सारी चीजें इस सदन में रखना जरूरी हैं।

माननीय सभापति जी, दस वर्षों में प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो बहुत बड़ा बदलाव आया है, उनमें से एक स्पष्ट दिखाई देने वाला सफाई में बदलाव है।

(1405/KN/UB)

दस साल पहले रेलवे के टॉयलेट्स कैसे होते थे, यह हम सब जानते हैं। आज किस तरह की परिस्थिति है, स्टेशंस की सफाई, ट्रैक्स की सफाई, ट्रेन्स की सफाई आदि सब के बारे में हम सब ने देखा है। कई मान्यवर सांसदों ने इस चीज का जिक्र भी किया, मैं उनको पर्सनली धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने सफाई का जिक्र किया।

महोदय, इन 10 वर्षों में ट्रेन्स में करीब-करीब 3 लाख 10 हजार नए टॉयलेट्स गाड़ियों के अंदर बनाए गए। यह अपने आप में स्वच्छ भारत का, स्वच्छ रेल का एक बहुत बड़ा अभियान है, जो कि आज एक अलग लेवल तक पहुंचा है। नई तरह की गाड़ियां बनीं। वन्दे भारत – कई मान्यवर सांसदों ने रिक्वैस्ट की कि उनके एरिया में भी वन्दे भारत ट्रेन चले। एक नई टेक्नोलॉजी की गाड़ी बनी और वह भी अपने देश के इंजीनियर्स ने, अपने देश के टेक्नीशियंस ने बनाई तो आत्मनिर्भर भारत की एक नई पहचान बनी। आज विश्व भर में इस गाड़ी की चर्चा है। कई पैरामीटर्स पर दुनिया की जो बेहतरीन गाड़ियां होती हैं, चाहे यूरोप में हों, चाहे जापान में हों, उनके कम्पेरिजन में इस गाड़ी की परफॉर्मेंस कई पेरामीटर्स पर बैटर होती है। वन्दे भारत ट्रेन में, एयरोप्लेन में जो नॉइज का लेवल होता है, उससे 100 गुना, हंड्रेड टाइम्स कम नॉइज लेवल वन्दे भारत में है। जब इस गाड़ी को टेस्ट किया गया था, तो 180 किलोमीटर की स्पीड पर इस गाड़ी की टेस्टिंग हुई। ड्राइवर के केबिन में एक पानी का ग्लास रखा गया और वह पानी हिलता नहीं है, गिलास हिलता नहीं है। गाड़ी की डिजाइन में इतना ध्यान रखा गया है, क्योंकि देश में जो क्षमता है, हमारे देश के इंजीनियर्स की जो क्षमता है, उस क्षमता को प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहचाना, उनको एक मौका दिया कि एक नए तरह के प्रयास से नई टेक्नोलॉजी की गाड़ी बने।

अमृत भारत ट्रेन बनी। दो गाड़ियां पिछली जनवरी में आरम्भ हुईं उसका बहुत अच्छा रिस्पोंस है। उसकी 150 परसेंट से ज्यादा की ऑक्युपेंसी है। शॉर्ट डिस्टेंसेज़ के लिए, 200-250 किलोमीटर के लिए नमो भारत ट्रेन बनी और पहली गाड़ी ऑलरेडी भुज से अहमदाबाद के बीच में चल पड़ी है। उसका भी बहुत अच्छा रिस्पोंस है। ओवलऑल कई तरह की नई गाड़ियां, कई तरह की नई टेक्नोलॉजी देश में आई।

रिकॉर्ड इलैक्ट्रिफिकेशन हुआ। भारत में अपना खुद का पेट्रोलियम रिजर्व बहुत लिमिटेड है तो जरूरी है कि हम इलैक्ट्रिफिकेशन मैक्सिमम करें। जो 60 वर्षों में 21 हजार किलोमीटर का इलैक्ट्रिफिकेशन हुआ था, इन 10 वर्षों में 44 हजार किलोमीटर का इलैक्ट्रिफिकेशन हुआ है। डीजल के खर्चे में करीब 5 हजार करोड़ रुपये की बचत ऑलरेडी हो चुकी है। इसमें और भी लगातार डेवलपमेंट हो रहा है।

नॉर्थ ईस्ट के बारे में केवल लुक ईस्ट चलता था और आज एक्ट ईस्ट की पॉलिसी है। मैं चर्चा में नॉर्थ ईस्ट की डिटेल्स रखूंगा कि किस तरह से हरेक राज्य में, नॉर्थ ईस्ट में रेलवे का विकास हो रहा है। जम्मू कश्मीर की वर्षों से डिमांड थी, वह कनेक्टिविटी संपूर्ण होने को आई है,

प्रोजेक्ट संपन्न होने को आया है। कवच जैसी टेक्नोलॉजी का विकास हुआ है। आज बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट 300 किलोमीटर से ज्यादा का बन चुका है। वर्ष 2014 तक फ्रेट कॉरीडोर, जो कि एक किलोमीटर भी नहीं बना था, वर्ष 2014 तक जीरो था, आज 2700 किलोमीटर से ज्यादा बनकर उस पर 350 गाड़ियां डेली चल रही हैं।

सेफ्टी के लिए स्टेशंस का डिजिटल कंट्रोल – पूरे यूपीए के दस साल में मात्र 800 स्टेशंस डिजिटल कंट्रोल पर आए थे। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 साल के कार्यकाल में 3 हजार से ज्यादा स्टेशंस डिजिटल कंट्रोल में आए हैं। यह देश 140 करोड़ का है। एक रैपिडली ग्रोइंग इकोनॉमी है। हमें यहां पर रेलवे की कैपेसिटी सिग्निफिकेंटली बढ़ाने की जरूरत है। 50-60 वर्षों तक जिस तरह से रेलवे में इनवैस्टमेंट की कमी रही, जिसके कारण अगर हम रेलवे को देखें, हाइवे में इनवैस्टमेंट खूब हुआ है, रेलवे में इनवैस्टमेंट नहीं हुआ है, लेकिन रेलवे एक अच्छा सेफ और एनवायर्नमेंट-फ्रेंडली मीडियम है। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2014 में जिम्मेदारी संभालने के तुरंत बाद जहां 25-30 हजार करोड़ रुपये के आस-पास का बजट होता था, उसको बढ़ाकर 2 लाख 52 हजार करोड़ रुपये का बजट किया है। हर राज्य को रिकार्ड एलोकेशन मिला है और काम में भी बहुत अच्छी तेजी आई है। अगर हम नए ट्रैक की बात करें तो जहां मात्र यूपीए की सरकार के समय 14-15 हजार किलोमीटर के आस-पास बने थे, इन 10 वर्षों में 31 हजार किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक्स बने हैं।

(1410/VB/SRG)

पिछले एक वर्ष में ही 5,300 किलोमीटर नये रेलवे ट्रैक्स बनें, जो पूरे स्विट्ज़रलैंड के रेलवे नेटवर्क से ज्यादा हैं। यानी एक समृद्ध देश का जितना रेलवे नेटवर्क है, उतना भारत के रेलवे नेटवर्क में लगातार दो साल में ऐड हुआ है। यह इस देश की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री जी के विज़न का एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि कैसे उन्होंने देश के विकास के लिए, विकसित भारत के लिए नींव रखी है।

सेफ्टी पर बहुत ध्यान दिया गया है। जहाँ 8-10 हजार करोड़ रुपए का इंवेस्टमेंट होता था, वहाँ अब 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए का इंवेस्टमेंट होता है। इसके रिजल्ट्स भी आए हैं। मैं आपको इसके बारे में डिटेल में बताऊँगा।

मेनटेनेंस के तौर-तरीके में बदलाव हो, रिक्रूटमेंट हो, इन 10 वर्षों में रेलवे के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। प्रधानमंत्री जी का हमेशा यह कहना है कि दो टर्म्स में जो फाउंडेशन ले हुई है, वह केवल फाउंडेशन है और मोदी जी के इस तीसरे टर्म में तीन गुना मेहनत करके विकसित भारत के लिए एक बेस बनाना है, जिससे आगामी कई वर्षों तक देश को और देशवासियों को रेलवे का लाभ मिलता रहे।

मैं तीसरे विषय पर आता हूँ। कई मान्यवर सांसदों ने कहा कि इस बिल से प्राइवेटाइजेशन हो जाएगा। ऐसा एक नरेटिव बनाने की कोशिश की। मैं बहुत सिनसियरिटी के साथ कहना चाहूंगा कि यह एक फेक नरेटिव बनाने की कई मान्यवर सांसदों ने कोशिश की, कृपया इसका प्रयास न

करें। संविधान के बारे में आपका एक फेक नरेटिव फेल हो चुका है। इसलिए और फेक नरेटिव न बनाएं।... (व्यवधान)

मैं बहुत स्पष्ट तौर पर कहना चाहूंगा कि जो 31 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक्स बने हैं, वे किसके हैं? वे सरकार के हैं। जो 44 हजार किलोमीटर विद्युतीकरण हुआ है, वह किसका है? यह सरकार का है। अभी 1,300 रेलवे स्टेशंस के रीडेवलपमेंट के काम चल रहे हैं, ये किसके हैं? ये सरकार के हैं। लगभग 37 हजार एलएचबी कोचेज बने हैं, ये किसके हैं? ये देश के हैं, ये 140 करोड़ देशवासियों के हैं। इसमें कहीं प्राइवेटाइजेशन का कोई प्रश्न नहीं है। मैं आपके माध्यम से, हाथ जोड़कर निवेदन करता हूँ कि कृपया इस फेक नरेटिव को आगे न बढ़ाएं। आज देश में डिफेंस और रेलवेज़, ये दो ऐसे सेक्टर्स हैं, जिनको डी-पॉलिटिसाइज़ करके इनमें आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि ये देश की एक बहुत बड़ी ताकत हैं। ये 140 करोड़ देशवासियों की जरूरत हैं। इसलिए इन पर आगे बढ़ना चाहिए।

मैं अब चौथे पॉइंट पर आऊँगा। कई मान्यवर सांसदों ने यह विषय उठाया कि मिडिल क्लास और गरीबों के लिए क्या है। मैं बहुत स्पष्ट तौर पर कहना चाहूंगा कि रेलवे का पूरा फोकस गरीब और मिडिल क्लास के लोगों पर है। आप देखेंगे कि जनरल और एसी कोचेज का जो रेशियो था यानी एसी और नॉन एसी कोचेज का जो रेशियो था, नॉन-एसी कोचेज लगभग टू-थर्ड रहते हैं और एसी कोचेज वन-थर्ड रहते हैं। पूरे के पूरे रेशियो को लगातार मेनटेन किया गया, लेकिन जब देखा गया कि कई मान्यवर सांसदों ने जनरल कोचेज की डिमांड की, तो उसके बाद जनरल कोचेज के मैन्यूफैक्चरिंग का एक स्पेशल प्रोग्राम लिया गया है, जिसमें लगभग 12 हजार जनरल कोचेज स्पेशियली बनाए जा रहे हैं। ऑलरेडी इस फाइनेंशियल ईयर में लगभग 900 जनरल कोचेज एक्स्ट्रा एड किये जा चुके हैं और 10 हजार कोचेज के मैन्यूफैक्चरिंग का काम टारगेट पर चल रहा है। हर ट्रेन में जनरल कोचेज ज्यादा हों, इस पर फोकस्ड वे में काम हो रहे हैं ताकि अनरिज़र्व्ड कैटेगरी में जो पैसेंजर्स जाना चाहते हैं, उनको भी पूरी सुविधा मिले।... (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, मैं बताना चाहूंगा कि एक नयी ट्रेन चलायी गई, जो अमृत भारत ट्रेन के नाम से है। अमृत भारत ट्रेन पूरी तरह से नॉन एसी ट्रेन है। इसमें 22 कोचेज में से 20 कोचेज पैसेंजर्स के लिए हैं, दो कोचेज पार्सल्स के लिए हैं। 20 कोचेज में से 10 स्लीपर कोचेज हैं और 10 जनरल कोचेज हैं।

(1415/PC/RCP)

इसमें वही टैक्नोलॉजी लगाई गई है, जो कि वंदे भारत में है, जैसे ऑटो-कपलर्स, बैटर क्वालिटी की सीट्स, चार्जिंग-पॉइंट्स, नए डिज़ाइन के टॉयलेट्स, लेटेस्ट डिज़ाइन के वेस्टिब्यूल्स जिनसे नॉइज़ और झटकों से पूरी तरह से मुक्ति मिल सके। वे दोनों ट्रेन्स अच्छी चली हैं। जनवरी से लेकर अब तक करीब दस महीने वे ट्रेन्स चल चुकी हैं। अब 50 और नई ट्रेन्स बनाई जाएंगी, जो कि अनुभव के आधार पर बनेंगी। उनमें जो अनुभव आए, उस अनुभव के आधार पर 50 और गाड़ियों का प्रोडक्शन प्लान ऑलरेडी हाथ में ले लिया गया है। आगामी जनवरी के महीने से या ज्यादा से ज्यादा फरवरी के महीने से हर महीने दो-तीन नई अमृत भारत ट्रेन्स आने लगेंगी।

सभापति जी, इससे देश में हजार किलोमीटर की जर्नी मात्र 400 रुपए में हो सकेगी। देश में इतना अफोर्डेबल ट्रैवल हो सकेगा। … (व्यवधान) मेरे ख्याल से दुनिया में और कोई ऐसा देश नहीं होगा, जो 400 रुपए के आसपास के फेयर में हजार किलोमीटर की यात्रा करवाए और इतनी अच्छी सुविधाएं दे। … (व्यवधान) साथ ही साथ मिडिल-क्लास के लिए नमो भारत ट्रेन को डेवलप किया गया है। यह डेवलपमेंट बहुत ही सोच-समझकर किया गया है। जो कम डिस्टेंस के शहर हैं, मान लीजिए लखनऊ से कानपुर हुआ, बेंगलुरू से मैसूर हुआ, इस तरह के शॉर्ट डिस्टेंस के जो दो सिटीज़ के पेयर्स हैं, उनके बीच में हाई फ्रिक्वेंसी से ट्रेन चल पाए, जैसे यूरोप में रीजनल ट्रेन्स होती हैं, उस तरह की शटल की तरह लगातार ज्यादा फ्रिक्वेंसी से चल पाए। उसकी भी दो ट्रेन्स ऑलरेडी बन चुकी हैं, पहली ट्रेन को भुज से अहमदाबाद के बीच में डिप्लॉय किया गया। हम करीब दस-बारह महीने तक उसका अनुभव देखेंगे। उस अनुभव के आधार पर बड़ी मात्रा में नमो भारत ट्रेन्स भी बनाई जाएंगी।

जो मेमू ट्रेन है, जो बहुत ही पॉपुलर है, उसकी मान्यवर सांसदों से बहुत डिमांड आती है। उसके भी इस साल में 600 कोचेज़ बने हैं, यानी दस कोच की अगर एक ट्रेन हो, तो करीब-करीब 60 नई ट्रेन्स बनी हैं। … (व्यवधान) उसकी भी बहुत अच्छी डिमांड है और उसका देश भर में बहुत अच्छा रिज़ल्ट मिलता है। यह सारा का सारा फोकस मिडिल-क्लास और लो-इनकम फैमलीज़ के लिए है। रेलवे का प्रीमियर कस्टमर मिडिल-क्लास और लो-इनकम फैमलीज़ से है और सारा फोकस भी उन ही पर है कि हम उनके लिए बेहतर सुविधाएं लाएं। इस पर ध्यान दिया गया है।

अभी छठ और दीवाली का जो फेस्टिवल सीज़न था, उसमें भी विशेष ध्यान देकर 7,900 स्पेशल ट्रेन्स चलाई गई और 1 करोड़ 80 लाख पैसेंजर्स ने ट्रेन्स से ट्रैवल किया। … (व्यवधान) एक-दो बार तो ऐसा भी हुआ, इन सबका आशीर्वाद मिला, उधना में एक साथ 40,000 लोग अचानक आए, फिर भी आठ-दस घंटे के अंदर-अंदर उन सबके लिए बहुत ही अच्छे तरीके से व्यवस्था करके उनको उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। … (व्यवधान) पटना में छठ के तुरंत बाद करीब 80,000 पैसेंजर्स तुरंत आए। उनके लिए भी इतनी अच्छी व्यवस्था थी कि कहीं पर कोई दिक्कत नहीं हुई। अभी महाकुंभ आ रहा है, महाकुंभ के लिए 13,000 ट्रेन्स की व्यवस्था की गई है। … (व्यवधान)

सभापति जी, पूरे देश में गरीबों के लिए, मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बहुत फोकस्ड-वे में रेलवे का माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में काम चल रहा है। … (व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) :** मंत्री जी, हमारे यहां गंगा सागर मेले के लिए आपने क्या किया है? … (व्यवधान)

**श्री अश्विनी वैष्णव :** सभापति जी, बहुत सारे माननीय सांसदों ने सेफ्टी के बारे में बोला है। … (व्यवधान) दादा, आप बैठ जाइए। … (व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) :** बंगाल में कुछ नहीं हो रहा है। … (व्यवधान)

**श्री अश्विनी वैष्णव :** आपके बंगाल से भी महाकुंभ के लिए गाड़ियां हैं। … (व्यवधान)

सभापति जी, बहुत सारे माननीय सांसदों ने सेफ्टी के बारे में कन्सर्न्स रेज़ किए और इस विषय को बहुत सीरियसली लेना चाहिए। मैं निवेदन करूंगा कि आप सारे विषयों को कृपया ध्यान से सुनें, समझें और अपने सुझाव दें। उसका देश के लिए उपयोग होगा।

सभापति जी, सेफ्टी पर ध्यान देने के लिए तीन बकेट्स हैं, जिन पर बहुत काम हुआ है और बहुत काम हो रहा है। ट्रैक्स से रिलेटेड मैटर्स पर बहुत बड़ा फोकस किया गया, क्योंकि पटरियों में कई तरह के विषय आते हैं। इसलिए, ट्रैक्स को कैसे सेफ बनाया जाए, उस पर ध्यान दिया गया। दूसरा, जो ट्रेन्स हैं, उन पर बहुत ध्यान दिया गया। तीसरा, लेवल क्रॉसिंग्स और चौथा, नई तरह की टैक्नोलॉजी पर बहुत ध्यान दिया गया।

(1420/IND/PS)

सभापति जी, यदि इन चार बिंदुओं को देखें तो पता चलता है कि रेलवे में सेफ्टी पर काम हुआ है। इन दस वर्षों में 60 KG की रेल, हायर क्वालिटी से ज्यादा स्ट्रेंथ वाली 1,23,000 किलोमीटर की नई पटरी या पुरानी पटरियों को बदलने का काम हुआ। अगर इसे यूपीए के दस वर्षों के साथ कम्पेयर करें तो उस समय मात्र 57 हजार किलोमीटर था। यूपीए के 10 वर्षों में रेल रिन्यूअल यानी पुरानी पटरी को बदलना 32 हजार किलोमीटर था, यह कार्य मोदी जी के दस वर्षों में 43 हजार किलोमीटर हुआ। दो पटरियों को जोड़ने वाली फिश प्लेट कम से कम रहे, वेल्डिंग कम से कम हो और 260 मीटर की लम्बी रेल रहे, इससे सेफ्टी बढ़ती है। यदि यूपीए के दस वर्ष देखें तो मात्र 10 हजार किलोमीटर का कार्य हुआ, जबकि मोदी जी के दस वर्षों में 68 हजार किलोमीटर लॉंगर रेल का उपयोग हुआ, छह गुना ज्यादा काम हुआ। वेल्डिंग में जहां यूपीए के समय 79 लाख जाइंट, जिसे अल्ट्रासाउंड मशीन से टेस्टिंग करते हैं, मोदी जी के पीरियड में 1 करोड़ 73 लाख वेल्ड की ज्यादा टेस्टिंग हुई। इन सबका रिजल्ट भी आया क्योंकि वेल्डिंग के फेलियर जो दस साल पहले साल के 3700 होते थे, जिसके कारण डिरेलमेंट होता था, वह आज मात्र 480 हो गए हैं और इसमें 87 परसेंट कमी आई है। रेल का फ्रेक्चर बार-बार सुनाई देता था। वर्ष 2013-14 में जहां 2500 रेल फ्रेक्चर्स होते थे, वे 85 परसेंट कम हो कर मात्र 380 रह गए और प्रयास है कि इसमें और भी कमी लाई जाए।

सभापति जी, मेनटेनेंस की टेक्नोलॉजी में भी बहुत बड़ा परिवर्तन लाया गया। कई कठोर निर्णय भी लिए गए कि तीन घंटे का मेनटेनेंस का ब्लॉक पटरी को मिले। नई टेक्नोलॉजी भी लाई गई। अभी डेढ़ साल पहले बहुत ही एडवांस मशीन आईटीएमएस लाए हैं। इस मशीन से ट्रैक पर यदि कोई भी डिफेक्ट हो, कहीं भी कोई क्लिप मिसिंग हो, कहीं स्लीपर पर कोई डिफेक्ट आ गया हो, ट्रैक के गेज में यानी दोनों पटरियों के बीच के डिफरेंस में फर्क आ गया हो तो सब कुछ एक्यूरेटली मैजर हो जाता है और तीन मशीनों ने बहुत अच्छा परफार्म किया है। अब हर जोन में वैसी एक मशीन लगाई गई है। दो साल पहले से प्रयास शुरू किया था कि ट्रैक मैन की जिंदगी में कैसे एक बड़ा परिवर्तन लाएं। उसे हथौड़ा लेकर न चलना पड़े, इसके लिए अजमेर में पहले एक गाड़ी बनाई गई थी, जिसमें टोयटा इनोवा को मोडीफाई किया गया था, जिससे कि वह ट्रैक पर भी चल सके। उसके बाद महिंद्रा और टाटा के साथ मिलकर रेलवे के इंजीनियर्स ने बहुत अच्छी गाड़ी बनाई है।

मैंने सात-आठ दिन पहले ही उसका इंस्पेक्शन किया था। वह गाड़ी सड़क पर भी चल सकती है और रेलवे के ट्रैक पर भी चल सकती है। उसमें इस तरह से सुविधा दी गई है कि वेल्डिंग मशीन, हथौड़ा और अन्य इक्विपमेंट्स उस गाड़ी में रखें और ट्रैक मैन उस गाड़ी में बैठे। पीछे दो सीट्स हैं, बड़ा-सा ग्लास है और कैमरा लगा हुआ है। बड़े आराम से पटरियों का निरीक्षण किया जा सकता है और ट्रैक इंस्पेक्टर, पीडब्ल्यूआई, गैंगमैन, ट्रैक मैन उस गाड़ी में बैठकर बहुत आराम से और सेफ्ली ट्रैवल करते हुए इंस्पेक्शन कर सकें, ऐसा एक नया इनोवेशन रेलवे ने किया है और इस इनोवेशन को पहले सात-आठ महीने तक टेस्ट करेंगे और उसके बाद यदि सफल निकला और लोगों को पसंद आया तो बड़े पैमाने पर देश भर में लागू करेंगे। इस तरह हर तरीके से ट्रैक की सेफ्टी पर ध्यान दिया गया है।

